शाखा—

ज्ञानवापी, काशी

दरीबा कलाँ, दिल्ली

बाँकीपुर, पटना

गनपत रोड, लाहौर

प्रकाशकका निवेदन

फ्रांसके प्रसिद्ध प्रहसन-लेखक मोलियरकृत नाटकों और प्रहसनोंका सर्वत्र बड़ा आदर है। इन्हींके तीन प्रहसनोका यह अनुवाद श्री जी० पी० श्रीवास्तवने किया है। जैसे प्रसिद्ध हास्यरसके मूल लेखक हैं, वैसे ही प्रसिद्ध हिन्दी रूपान्तरकार भी है।

"मार मारकर हकीम", "आँखोंमे धूल" और "हवाई डाकूर" इन प्रहसनोंमें भावकी कैसी गंभीरता और भाषा-की कैसी छटा है, यह तो पाठक पढ़कर ही समझ सकते हैं। परन्तु भाव और भाषाके साथ मनोरञ्जनकी सामग्री भी पर्याप्त है।

इस हिन्दी-संस्करणको हिन्दी जनताने किस प्रेमसे अपनाया, यह इसके चार-चार संस्करणोंसे ही प्रकट हो जाता है। इस संस्करणमे हमने छपाई-सफाईकी ओर कुछ विशेष ध्यान रखा है और इसीलिये पुस्तकका आकार भी पूर्वापेक्षा कुछ बढ़ गया है। आशा है, पाठकोंको यह संस्करण और भी रुचिकर प्रतीत होगा।

—प्रकाशक

संस्कृत, अर्बी, फारसी इत्यादि अनेक पूर्वीय भाषाओं-के धुरन्धर विद्वान्, सकलगुणखान, कल्याणनिधान, सुप्रसिद्ध विद्याभूषण, श्रीमान् मिस्टर आर० पी० ड्यूहर्स्ट एम० ए०, एफ० आर० जी० एस०, आई० सी० एस०, डिस्ट्रिक्ट और सेशन्स जज (गोंडा) का दिया हुआ प्रशंसापत्र।

Gonda II December 1916,

Dear Mr. Sriwastava.

I am glad to hear that you contemplate publishing a collections of your humorous writings in Hindi.

I have read many of your compositions with great pleasure and interest. There is no doubt that you possess two rare faculties, one a pronounced gift for wit and humour and satire and the other equally valuable a capacity for writing natural dialogue,

I wish you every success in your endeavour to find a large public to appreciate your writings.

I am,

Yours Sincerel

(Sd) R. P. Dewhurst

विषय-सूची

FOREWORD.

Although requested by the Author, an old pupil of mine to write a foreword to this book, I feel it neccessary to state that I am eminently unfitted for the task. He who attempts to write an appreciation of works of humour in a language not his own, must have a very special knowledge of that language, and then take his courage in both hands As my knowledge of Indian vernaculars consists only in a very superficial knowledge of Urdu, the only possible apology I can put forword for introducing here is that I have known Mr, Srivastava from the time that he started to write, and that I have always taken a deep interest in his work in addition I flatter myself that I may perhaps be able to hint to English readers what he has done and is attempting to do.

Mr. Srivastava has now been writing for six years, beginning with a translation into Hindi of the late Romesh Chandra Datt's novel 'The Lake of Palms' published in the 'Stridarpan' of Allahabad in 1913, he has continued to produce a number of sketches, in a burlesque vein, of contemporary Indian life. Most of these are domestic scenes, others are character sketches and nearly all are semi-dramatic in character. The number of Hindi

magazines in which these have been published shows popularity they have found· these magazines represent all provinces of India in which Hindi is spoken. The 'Indu' of Benaras, the 'Chitramayjagat' of Poona, the 'Maryada' of Allahabad, the 'Manoranjan' of Bihar, the 'Nawjiwan' of Central India the 'Hindi Sarvaswa' of Malwa may be cited as examples. In addition, a Bombay magazine has translated some in to Gujrati and a Lahore magazine has reproduced two sketches in English,

In January 1914 Mr, Srivastava published a collection of these sketches in 'Lambidarhi', and since the edition was sold out within eighteen months a revised and enlarged edition is in contemplation,

The present work contains three adaptations from Moliere, Viz मार मारकर हकीम from 'Le medecin malgre lui' आँखोंमें धूल from 'L'amour medicin' and हवाई डाक्टर from 'Le medicin volant'. Moli'ere indeed may be said to have given the bent to Mr. Srivastava's work Moliere's manner, too in dealing with character, his sprightly dialogue, and his ridicule of the charlatans of his time, have left their influence Models are essential to all young writers and the choice of the French dramatist has been singularly fortunate. Mr. Srivastava has introduced a new attitude of looking at life, new to India at least. and his study of Moli'ere has enabled him to put a new edge to his humour. Yet the matter is

Indian enough, and Mr. Srivastava is an acute observer, with a real talent for writing lively dialogue,

The public which the author it primarily addressing, is the educated Hindi knowing public of Northern India, since it is evident that his humour has made a wider appeal than even he can have anticipated, it is fair to say that be writes for the whole of young India. His readers are either young or just entering upon middle age, the leaven of the western thought is still working there, but conservative forces are still strong Molvi Saheb still commands the respect of the older generation, but is frequently merely an object of mirth with the younger. It is a world full of enthusiasm reaching forward for the latest and the newest, but held by ties which recede backward in to the remote past, where the greatest opposition to progress is often found in a man's own household, so that hitches in the relationship between man and wife, mother and son are not infrequent; where the educated child is often too literally father to the uneducated man. And since among the educated classes to-day the young far outnumber the old, though there is doubtless much matter for tears, some real distress, and a portion of discontent, there is likewise considerable excitement and inexhaustible stores of mirth, It is this side of life which Mr, Srivastava emphasizes, and his surely is no unworthy task, even if 'Master

Saheb' and 'Panditji' do not share his amusement for he comes with a tale to draw the student from his book, the lawyer from his desk, the man of cli-sure from his idling; and he has justly earned the reward of all who have ever achieved this.

But it seems to me that the special value of Mr. Srivastava's work lies in this,that in revealing what the studen community laughs at he reveals more of its true nature, its thoughts and aspirations, than all the books (including some novels) written by foreigners. who can but hope to see the surface than all the pamphletes written by indignant Indians to counteract there superficial errors and than all the lectures and addresses purporting to put for-ward the true aims and ideals of India's young men. For ideals may be visionary euthusiastic young men and leaders may be mistaken or prejudiced foreigners, however sympathetic, may be misled or biassed but there can be little mistake about what incites to laughter and a great portion of young India laughs with Mr. Srivastava.

But beneath this laughter there lies conscious criticism, an attempt to sever the wheat from the chaff in the congeries of ideas and modes which confronts the thoughtful man to-day. The oriental has mingled with the occidental, the old with the new, but the resulting whole is at present an un-leavened mass. Sharp criticism and earnest zeal may do somewhat to weed out anomalies; but

laughter since it can go to the root of the matter with less offence, is often more effective

In conclusion. it is frequently stated by critics of widely opposite views that a western education tends to produce the most baneful effects upon the minds of young Indians , and that it indubitably crumps originality The author of this work at least has not so suffered ; on the contrary his west-tern education has inspired him to the aim. than which surely none is nobler to enrich in so far as he may his mother tongue, Hindi. The vernacular of India are in sore need of imigoration. and this is the aim not only of Mr, Srivastava but numbers of other young writers who have gone gleaning in western fields. No great pecuniary reward is likely to fall to these pioneers, but surely they do not de-serve ill of their countrymen.

LUCKNOW.
December, 1916

C. J. Brown.

मार मारकर हकीम

(Moliere's Le Medecin Malgre Lui)

यह फ्रांसीसी प्रहसन Le Misan thrope नामक नाटकके साथ ५ या ६ दफे सन् १६६६ ईस्वीके जूनके महीनेमें खेला गया। मौलियर Sganarelle (टर्रें खाँ) का पार्ट किया करते थे। यह एक बहुत ही मशहूर प्रहसन है। इसका अनुवाद बहुत-सी भाषाओंमे है और किसी-किसी भाषामें तो इसके कई एक अनुवाद हैं। किसीने शब्दानुवाद किया है और किसीने भावानुवाद। किसीने इसके आधारपर अपना नया ड्रामा खड़ा किया है। मैंने यह 'मार मारकर हकीम' पहले सन् १९११ मे Fielding के Mock Doctor के आधारपर लिखा था। मगर उसके बाद ही Doctor under compulsion और Doctor inspite of himself नामके इसके दो अंग्रेजी अनुवाद मुझे और मिले। इसलिये फिर मैंने इसको नये सिरेसे सन् १९१३ मे लिखा। वह 'इन्दु' में उसी साल प्रकाशित हुआ। मौलियरके एक-एक मजाकको पूरी तरहसे निबाहते हुए उसपर हिन्दुस्तानी पोशाक पहनानेकी मैंने कोशिश की है। मगर देशी और विलायती समाजोंमें जमीन आस्मानका फर्क है। भावकी तरफ जाइये,समाजका मिजाज

बिगड़ता है और लफ्जोंका पीछा कीजिये तो हँसी उड़ी जाती है। मजाकके खेल ज्यादातर दोमानिये शब्दों और मुहावरोंपर होते हैं जो अनुवादमें सीधे-सादे मानी होकर एकदम ठंढे पड़ जाते हैं। इन बातोंका ख्याल करते हुए अगर समालोचक महाशय इसपर मीठी नजर डालें तो वाह-वाह! कड़ी निगाह डालें तो वाह-वाह! पैदाइश तो इसकी दूसरे मुल्कमें जरूर हुई है; मगर इसे मैंने हिन्दुस्तानी बनाया है। अब आप इसको अपना मानें या न मानें अख्तियार है।

दिसम्बर १९१६ —जी० पी० श्रीवास्तव

मार मारकर हकीम

पात्र

१—लालचबख्श।

२—दिलदार, शबनमका चाहनेवाला।

३—टर्रेखाँ, एक लड़की बेचनेवाला

४—बौड़म }
५—बरकट } लालचबख्शके नौकर!

६—बीचबचाव, टर्रेखाँका पड़ोसी।

७—डाक्टर लपलोस, पागलोंका डाक्टर।

८—रामफल।

९—द्वारका।

१०—खूसटबेग, शबनमके साथ शादी करनेवाला।

पात्री

१—जञ्जाल, टर्रेखाँकी स्त्री

२—शबनम, लालचबख्शकी लड़की।

३—खानम, लालचबख्शकी नौकरनी।

पहला दृश्य

टर्रें खाँका मकान

(टर्रें खाँ और जंजालका लड़ते हुए प्रवेश)

ट०—बस मैंने कह दिया। न ज्यादे बकबक न झक-झक। जो कुछ कहूँ, तुझे चुपकेसे दुम दबाके करना पड़ेगा, सुना? हुकुम देना मेरा काम है और काम करना तेरा।

ज०—अय, देखें, जरा मुए हुकुम देनेवालेका मुँह। आया बड़ा नवाबका नाती बनके। मूण्डीकाटा कहींका।

जिधर कान पकड़के मैं चलाऊँ, उधर चलना पड़ेगा। और चीं-चपड़ की तो देखी हैं ये जूतियाँ ?

ट०—या अल्ला ! बचाइयो चाँद गंजी कर देनेवाली जोरुओंकी जूतियोंसे। यारो, शादी वही करे जिसकी हो खोपड़ी लोहेकी। नहीं तो जहाँ दो-एक कसके पड़ी, बस पिलपिली हो गई सारी खोपड़ी—

गाना

ट०—यारो यारो भई जोरू न करना खुदाकी कसम है तुमको कसम।
जल जलके कट कटके काटनको दौड़े, है हाथोंमें जूती पैजार।
रह रहके थम-थमके आँखे दिखाएं, वो चेलों वो चिमटोंकी मार॥
॥ यारो० ॥

ज०-खुदाकी कसम, हुआ नाकमें दम, मुआ ऐसा खसम कहीं देखा नहीं।
ट०-यह बीवी खराब, है काफी जनाब, इसकी बातोंमें आप कहीं आएँ नहीं।
आफत मुसीबत है जोरूकी इल्लत हाँ फँसना न इसमें कभी।
दो एक डाटनमें झाड़के मारनमें निकालेंगे दांते सभी ॥यारो०॥

ज०—(मटककर) सुभानअल्ला ! सुभान अल्ला !

ट०—अफलातूनें अगर कोई बात अपनी जिन्दगीमे अच्छी कही है, तो बस यही कि 'जोरू शैतानकी नानीसे भी बत्तर हरामजादी होती है।'

ज०—अय वाह ! जरा अफलातूके भतीजेको देखो । कैसा आलिम-फाजिल है ।

ट०—इसमें भी कोई शक है ? आलिम तो हई हूँ । भला इतने लकड़हारोंमें बता तो सही जो मेरे बराबर पढ़ा लिखा हो या मेरी जैसी तालीमपर डींग मारता हो ?

ज०—तालीम !

ट०—हाँ हरामजादी, तालीम और वह भी पूरी तालीम । पहले मौलवी साहबके यहाँ नौकर था, जहाँ सुनते-सुनते सारा करीमा याद हो गया । फिर बड़े साहबके यहाँ बावर्ची रहा, वहाँ अंगरेजी भी आ गयी । अब बोल, कैसा मिडिल पास हूँ ?

ज०—अरे मूए ! जहन्नुममें शैतानकी गुलामी की होती, मेरा पीछा तो छूटता । आग लगे उस घड़ीमे, जब मैंने निकाहमें काजीसे कहा था, 'जी हाँ ।'

ट०—और भाड़मे जाए वह खुद काजी कम्बख्त. जिसने मुझसे यही कहलाया था ।

ज०—हूँ—ऊँ ऊँ ! तू इसकी शिकायत करता है ? अरे मुण्डीकाटे, अल्लामियाँका शुक्रिया अदा कर—शुक्रिया, जिसने तुझे मेरी जैसी बीवी दी है । मूआ मुसण्डा कहीका, नहीं तो भला मुझसे ब्याह करनेका तेरा मुँह था ?

ट०—हाँ-आँ-आँ! मेरा नहीं तो क्या तेरे बापका मुँह था?

ज०—बस!

ट०—देखो तो हरामजादीको, जितने दबते जाओ, उतना ही सरपर चढ़ती है। यह नहीं कहती कि भाग अच्छे थे कि टर्रे खाँकी बीबी हुई। दूसरेके पाले पड़ती तो आटे दालका भाव मालूम हो जाता। पहले ही रोज धज्जियाँ उड़ाकर फेंक देता। वह तो कहिये, मेरे जैसा आदमी होना मुश्किल है।

ज०—भला आदमी! लुंगाड़ा कहींका। एक गहना तो रखा ही नहीं। सब इधर-उधर कर डाला।

ट०—इसलिये कि तुम हलकी हो जाओ और चिड़ियोंकी तरह फुदकती हुई चलो।

ज०—एक-एक करके सब असबाब बेंच डाला।

ट०—इसीको कहते हैं अपनी जायदादसे गुजर करना।

ज०—बदनपर कपड़ातक न छोड़ा।

ट०—जिसमें गर्मी लगनेका न हो कुछ बखेड़ा।

ज०—और यह चिथड़े-चिथड़े हो गई कुर्ती।

ट०—अब हवा खूब लगेगी, इससे बदनमें आयेगी फुर्ती।

ज०—घरमे एक चिरागतक नहीं।

ट०—ताकि जागो बहुत रात तक नहीं।

ज०—और रखा न ओढ़ना न बिछौना।

ट०—इसलिये कि तड़केही उठना; क्योंकि देरका जागना है बीमारियोंको बुलाना।

ज०—अरे निगोड़े! एक असबाब तो रखा होता।

ट०—काहेको? क्या चोरोंको बुलाता? जब खाली है घर तो न डाकूका खटका और न लुटेरोंका डर।

ज०—(दोहत्थड़ मारकर) मूण्डीकाटे, मैं खुद जली जाती हूँ। और तू तुक मिला मिलाकर और आगबबूला किये देता है। चल, दूर हो यहाँसे, शराबी कहींका।

ट०—बहुत अच्छा, जनाब बीवी साहिबा!

ज०—कहाँ—चला कहाँ? शराबखाने?

ट०—चुप, चुप उल्लूकी पट्ठी। मेरे क्लब घरको शराबखाना कहती है? अरी कमबख्त, इसको मुझ जैसे जेण्टिलमैन मारे शेखीके होटल कहना माँगते हैं। समझी?

ज०—तो अरे ओ होटलके उठाईगीरे, मुझे यह तो बता कि घरका काम कैसे चलाऊँ?

ट०—जैसे जीमें आये।

ज०—और ये दर्जन के दर्जन बच्चे, जो मेरी गोदमें जान खाया करते हैं?

ट०—पटक दियाकर जमीनपर।

ज०—तेरी किस्मतपर रोते हैं। इन्हें कैसे चुपाऊँ?

ट०—बस, डण्डे खिला डण्डे। इसकी यही दवा है। कितना ही लड़का रोता क्यों-न हो, एक हलका-सा डण्डी-दनका जुलाब घुस्सीदन और मुक्कीदनके साथ जहाँ पिला दिया, फिर तो उसकी अम्मा ही मरे जो कभी रोये।

ज०—बाप न मरे। हरामी कामचोर कहींका।

ट०—जरा प्यारी आहिस्ते-आहिस्ते नहीं तो……

ज०—नहीं तो क्या, बोलो?

ट०—यही कि कभी-कभी मुझे भी गुस्सा आता है। और देख, मेरे हाथ कैसे कसरती हैं। वह तौल-तौलके नायाब लगेंगे कि तू भी याद करेगी।

ज०—तो मूए, मेरे भी पैर भारी हैं। समझे रहना।

ट०—मेरी मुहब्बतकी डबल रोटी और मेरे दिलका ढकोसला, अब दिया ही चाहता हूँ घूँसा।

ज०—छू तो जरी मूए।

ट०—बस, मुँह तोड़नेहीवाला हूँ।

ज०—बदमाश।

ट०—देख, हाथ खुजला रहा है।

ज०—चूल्हेमें डाल दे और पक जाये।

ट०—पकड़कर झोंटा…

ज०—चोर लुंगड़ा गिरहकट शराबी जुआरी।

ट०—ओ हो हो! समझ गया यों नहीं माननेकी तू।

(छड़ी उठाकर खूब ठोकता है।)

ज०—बाप रे बाप, जान गई। खून! खून! खून!

(बीचबचावका आना)

बी०—क्या हुआ भाई, क्या हुआ? छी! छी! कोई भला अपनी जोरूको इस तरहसे पीटता है?

ज०—(झाड़ू उठाकर बीचबचावकी ओर लपकती है और दूर भगाकर एक झाड़ू जमाती है) मूए, तुझे यहाँ किसने बुलाया? मेरी मार खानेकी तबियत है तो तू कौन बचानेवाला?

बी०—ओ! हो!!

ज०—आखिर तुम आये क्यों?

बी०—बेशक गल्ती हुई।

ज०—यह कोई तुम्हारा मामला तो था नहीं?

बी०—नहीं।

ज०—तब तुम्हें क्या पड़ी थी, जो खामखाह बीचमें कूद पड़े?

बी०—अब जो हो गया वह हो गया।

ज०—अय, जरा देखो इस गदहेको, जो मियाँको अपनी बीबीके पीटनेसे रोकता है।

बी०—नहीं नहीं, अब मैं नहीं रोकता।

ज०—इस मामलेमें तुम्हारा कुछ मतलब था?

बी०—कुछ भी नहीं।

ज०—नुकसान?

बी०—जरा नहीं।

ज०—तो अय मरदूए, तू आया फिर किसलिये?

बी०—मार खाने।

ज०—अपना काम छोड़कर दूसरोंके मामलेमें पड़नेसे मतलब?

बी०—सरासर बेवकूफी।

ज०—मैं खुद चाहती हूँ कि मैं खूब पीटी जाऊँ।

बी०—अल्ला तुम्हारे अरमानको अच्छी तरहसे पूरा करे।

(अब बीचबचाव टरें खाँके पास जाता है। वह उसे छड़ी उठाकर मारने दौड़ता है और एक डण्डा लगाकर दूर भागता है।)

बी०—भाई टरें खाँ, माफ करो। मैं तुम्हें अपनी जोरू को ठोंकनेसे नहीं रोकता। खूब मारो, पेटभरके पीटो। कहो तो मैं भी इसमे तुम्हें मदद दूँ।

ट०—मैं नहीं मारना चाहता ।

बी०—लाहौल विलाकूवत !

ट०—जब जी चाहेगा मारूँगा, जब जी नहीं चाहेगा, नहीं मारूँगा ।

बी०—सही है ।

ट०—वह मेरी जोरू है न कि तेरी ।

बी०—बेशक ।

ट०—मुझको हुकुम देनेके लिये तेरा कोई हक नहीं है ।

बी०—माना ।

ट०—मैं विना तेरी मददके उसे ठोंक सकता हूँ ।

बी०—हाँ हाँ, अच्छी तरहसे ।

ट०—तुम वड़े गदहे हो, जो दूसरोंके मामलेमें इस तरहसे घुस पड़ते हो । सुना है, नाना अफलातूँने क्या कहा है ? "जब मियाँ बीबी राजी, तो क्या करें काजी ।"

बी०—तोबा है ! कान पकड़ा, अब जो मियाँ बीबीके बीचमे पड़ूँ तो मुझपर खुदाकी मार और शैतानकी फटकार ।

ज०—खैर, मगर कुछ तो खाते जाइये, झाड़ुओंकी बौछार ।

(बीचबचाव भाग जाता है । अब टर्रे खाँ अपनी बीबीके पास

जाता है और उसका हाथ पकड़ता है।)

ट०—अहा! मेरी सासकी दुलारी, लो, जरा हाथ तो मिलाओ।

ज—क्यों नहीं, बड़ा अच्छा सुलूक तुमने किया है न मेरे साथ?

ट०—ऊँह! जाने भी दो उसे। वह तो जरा-सी बात थी। आओ, इधर आओ!

ज०—उहुँक।

ट०—सुनो तो।

ज०—ना।

ट०—अरे आ मेरी प्यारी!

ज०—हट।

ट०—अरे कुछ सुनोगी भी?

ज०—चलो उधर।

ट०—आ आ आ।

ज०—मैं नहीं बोलती।

ट०—ओहो! कबसे?

ज०—जाओ, तुमने बहुत मारा है आज।

ट०—तुझे कहाँ मारा? हमने तो अपने आपको मारा है, क्योंकि हम तुम एक ठहरे। इसलिये जब तुम्हारी

मरम्मत की तो समझ लो कि हमने अपनेही आधे बदनकी दुरुस्ती की।

ज०—मगर बन्दीपर बड़ी मिहरबानी होगी, अगर ऐसी जरूरतमें अब सिर्फ दूसरे ही आधेकी खिदमत हुआ करे।

ट०—(अलग) वाह री किस्मत ! एक बीवी मिली वह भी मन्तकी (प्रकट) तुम तो बस उसीका राग अलाप रही हो। अरे यह हलकी-हलकी बातें दोस्तीमें हमेशा काम देती हैं ! जहाँ मारपीट नहीं, वहाँ कहाँ दोस्ती और प्यार ? और खासकर हमारे-तुम्हारे जैसे आशिक माशूकोंके प्यार यही लात-घूँसे-मुक्के और आठ-दस डण्डे ही बढ़ाया करते हैं। समझी ? अच्छा, अब जरा हँस तो दो। आहा हा।

(नाचता और गाता है)

गाना

लकडी तोड़नको जंगलमें जाऊँ मोहना।
जाऊँ मोहना जाऊँ मोहना।
जंगलमें जाऊं मंगल गाऊं।
गाऊं बजाऊं रिझाऊं जिया अपना।
पेड़ोंपर चढ़कर लकडीको तोड़ं—
फिर चलोंको बांधकर लाऊं सजना।

लाऊं सजना लाऊं सजना ॥

(जाता है)

ज०—(अकेली) अच्छा-अच्छा, ठहरो तो सही। मैं भी वह चाल चलती हूँ कि जिससे तुम्हारे बाबा भी याद करेंगे। जब याद आवे अम्माकी ममानी, तभी कहना मुझे अपनी नानी। या अल्ला! कोई ऐसा चकमा चल जाय, जिससे इस मूज़ीकी अकिल दुरुस्त हो जाये और सारी शेखी निकल जाये।

(रास्ता)

(चरकट, बौड़म और जंजाल)

चरकट—पत्थर पड़े ऐसे कामपर। मुफ्तकी हैरानी। क्या बतायें।

बौ०—अच्छा, क्या करना है। अब जैसे बने करना चाहिये। मालिकका हुकुम मानना ही पड़ेगा। उनकी लड़की ऐसे बुरे वक्त गूँगी हुई कि उसकी शादी रुकी हुई है। नहीं तो अबतक खूब मुँह मीठे होते। खैर जी, मगर होगी शादी उसकी खूसट बेगके ही साथ।

च०—ठीक है, मालदार तो है। और दिलदार रह जायँगे अपना-सा मुँह लेकर।

(जंजालका आना)

बौ०—(बिना जंजालको देखे हुए) शबनम तो दिलमें यही चाहती है कि शादी खूसट बेगके साथ नहीं, बल्कि दिलदारके साथ हो। दिलदारके साथ जरूर होती, मगर अब कैसे हो सकती है? उसकी जायदाद तो सब जब्त हो गयी है।

ज०—(अपनेको अकेली समझकर) ना ना, बिना बदला लिये मैं न मानूँगी। चाहे जो हो, उस मूएसे जरूर बदला लूँगी।

च०—हमारे मालिक हैं पूरे झक्की। सरीहन जानते हैं कि इस बीमारीमे बड़े-बड़े डाक्टरोंकी अकिल चक्करमें है तो कम्बख्त यह देहाती हकीम क्या कर सकता है ?

ज०—क्या करूँ ? कैसे उससे बदला लूँ ?

बौ०—अजी दवाके मामले बड़े बेढब होते हैं। जो बीमारी हजारों रुपयेमें नहीं अच्छी होती वह अधेलेमें जड़से साफ हो जाती है।

(दोनों बातें करते-करते जंजालसे टकराते हैं)

ज०—अरे मेरे अल्ला ! अय चल निगोड़े। आँखें दोनों फूट गयीं क्या ?

च०—अरे ! हम क्या करें ? तुम्हीं तो बीचमें घुसी पड़ती हो। अच्छा बुआ, वह हकीम यहाँ कहाँ रहते हैं ? भला-सा नाम है।

ज०—तो अय मरदुए, मुझसे क्या काम है ?

बौ०—अरर ! इसमें तिनकनेकी कौन सी बात थी ? अरे आदमी आदमीकाही काम देता है। तुम्हें मालूम हो

तो जरा उस हकीमका पता बता दो। हम उनका नाम-निशान सब भूले हुए हैं।

ज०—क्या सचमुच तुम्हें किसी हकीमकी जरूरत है?

बौ०—ए लो, आप कुछ और समझती हैं।

च०—माज अल्ला! माज अल्ला! अगर जरूरत न होती तो क्या मुझे कुत्तेने काटा था जो यहाँतक बौखलाता आता? दर-ब-दर मारा-मारा फिरता, चक्कर खाता, सर पटकता, तुमसे झायँ-झायँ करता?

ज०—(अलग) अय है! क्या सूझी है। अब उस निगोड़ेसे भरपूर बदला लिया। (प्रकट) हाँ हाँ, मुझे याद आया। इसी जगह एक बड़े भारी हकीम रहते हैं। बीमारी कैसी ही हो, वह बातों-बातोंमें अच्छी कर देते हैं।

च०—बस-बस वही हैं। मगर वह मिलेंगे कहाँ?

ज०—उस जगह वह लकड़ी काट रहे होंगे?

बौ०—हकीम होकर लकड़ी काटते हैं?

ज०—अरे उनकी न पूछो। जो न करें थोड़ा है। उनका इसीमे दिल बहलता है।

च०—हाँ हाँ, मैं समझ गया, जड़ी-बूटियोंके फेरमे होंगे।

ज०—अल्ला जाने काहेके फेरमे रहते हैं। मगर वह

अजीब आदमी हैं। ऐसा झक्की और खब्ती तो मैंने देखा ही नहीं कभी। न उनकी शकलसे और न उनकी बातोंसे मालूम होता है कि वह हकीम हैं। जान-बूझकर ऐसे बौड़म बने रहते है। ऐसी बहकी-बहकी बातें करते हैं कि कोई उनको पहचान न सके। तुमसे क्या कहूँ, तुम झूठ मानोगे। अगर तुम जाकर उनसे पूछो कि आप हकीम हैं तो क्या मजाल है कि वह कभी कहें कि हाँ। बराबर इनकार करते जायँगे और सहल तरकीब उनको राहपर लानेके लिये यह है कि जाते ही आठ दस डण्ड कसके लिा दे। फिर उनकी सनक उतर जाती है और आदमी बन जाते हैं।

बौ०—लाहौल बिला कूवत! भला इस खब्तका भी कुछ ठिकाना है?

ज०—भला उनकी लियाक़तको भी जाना है?

च०—ठीक है। बड़े आदमियोंको एक न एक खब्त जरूर हुआ करती है।

बौ०—क्या सचमुच ऐसे खब्ती हैं कि बिना मार खाये सीधे ढरेंपर नहीं आते?

ज०—अय है! तो तुमसे झूठ बोलनेकी मुझे क्या पड़ी थी? मालूम ही हो जायगा।

च०—उनका नाम क्या है ?

ज०—टर्रे खाँ। तुम उन्हे बड़ी जल्दी पहचान लोगे। लम्बी-सी काली दाढ़ी है और पोशाक भी काली है।

चौ०—ओहो! धजा भी निराली है।

च०—मगर जैसा कहती हो वैसे ही लायक हैं ?

ज०—अरे उससे भी चार हाथ बढ़कर। अभी छः महीने भी तो नही हुए। एक बुढ़िया बेहद बीमार थी। सब डाक्टर-हकीमोंने जवाब दे दिया था। छः रोजसे वह मरी पड़ी थी। एक रोज हकीम टर्रे खाँको लोग मार-पीट के ले आये। उन्होंने आते ही उसके मुँहमें एक गोली डाल दी। बस, बुढ़िया खिलखिला पड़ी।

चौ०—ओहो! गोली क्या, बिजलीकी पुड़िया थी।

च०—अल्ला मियाँकी खैनी तम्बाकू होगी।

ज०—होगी। बीस दिनका जिकिर है। एक लड़की इमलीके पेड़से गिरी। हड्डी-पसली सब अलग हो गयी। हमारे हकीम साहबने न जाने कौन-सा तेल उसके बदनपर मल दिया कि लड़की उठकर भाग गयी।

चौ०—हो न हो, सांडेका तेल होगा।

च०—लुकमानकी किताब हाथ लग गयी है इन्हें।

ज०—ऐसा ही कुछ मामला है।

च०—चलो, बस ले चलें इन्हें।

ज०—खबरदार! मारनेमें चूके तो मियांसे हाथ धो बैठे॥

बौ०—खातिर जमा रखो बड़ी बी। अगर मारने ही पर सारा खेल है तो हकीम साहब हमारे घर पहुंच गए।

च०-(बौड़मसे) बड़ी खैर हुई जो यह मिली, नहीं तो खाली खुली लौट जाते।

(जङ्गल)

(टर्रे खां नेपथ्यमें गाता है)

पीऊं मै गट गट गट।

क्या ही रङ्गीली रसीली है प्यारी शराब। पीऊँ मैं गट…

क्या आली शराब निराली शराब। पीऊँ……

(चरकट और बौड़मका प्रवेश)

चरकट—कोई गाता हुआ इसी तरफ आ रहा है।

(एक हाथमें बोतल लिये हुए टर्रे खांका प्रवेश)

ट०—(इन दोनोंको न देखकर उसी धुनमें) पीऊँ मैं—।

ओफ, ओः! बड़ी गर्मी है। लकड़ी काटते-काटते जान निकल गयी। जरा कलेजा ठण्डा तो कर लूँ। (पीकर) आहाहा! बड़ी प्यास लगी थी।

गाता है

आज कीमत जो पायेगा, बोतल पे बोतल उड़ायेगा।
ओ हो हो।
खूब पीऊं जो यार, जाए दिलका बुखार,
अजी दौलतकी दौलत लुटायेगा।
ओ हो हो।
नशेमें जो आयेगा रंडी मुण्डी भङ्गी सभी,
इज्जतसे हमको बिठायेगा।
ओ हो हो।
क्या ही रंगीली रसीली चटकीली है प्यारी शराब।
पीयो जी पीयो जी होवो जो खाना खराब। आज०

"लुत्फ-मये तुझसे क्या कहूँ जाहिद, हाय! कम्बख्त, तूने पी ही नहीं।"

आ, रंजको दूर करनेवाली, तबीयतको मजेमे लानेवाली प्यारी शराब, आ। तुझे झटसे पेटमे उडेल लूँ।

चौ०—(अलग) यही है, पहचाना ?

च०—ठीक है, वही है यह।

बौ०—आओ, नजदीकसे देखें।

(टर्रे बोतलको छातीसे चिपकाता है। फिर इन दोनोंको देखकर अपनी आवाजको धीमी कर देता है। फिर गुनगुनाता है)

"क्या ही—रंगीली—रसीली—है प्यारी—शराब"

(उन लोगोंको अपनी तरफ गौरसे देखते हुए)

ये दोनों उल्लूके पट्ठे मुझे काहेको इतना घूर रहे हैं ?

बौ०—यह जरूर वही है।

ट०—इसमे शक नहीं, ये कम्बख्त मुझीको घूर रहे हैं।

(टर्रे खाँ बोतलको जमीनपर रख देता है। चरकट खूब झुककर सलाम करता है। टर्रे खाँ समझता है कि वह बोतल उठाकर ले भागनेवाला है। इसलिये उसको उठाकर दूसरी ओर रखता है। उधर बौड़मको जब झुककर सलाम करते हुए देखता है तो फिर उसे उठा लेता है। और उसे छातीसे लगाकर अजीब तरहका मुंह बनाता है।)

ट०—(अलग) देखो देखो, मुझे दोनों किस तरहसे देख रहे हैं ? चोर मालूम होते है—चोर। अब सलाह कर रहे हैं।

च०—क्यों जनाब, आपहीका नाम टर्रे खाँ है न ?

ट०—क्या ?

च०—मैं पूछता हूँ कि आपही टर्रे खाँ हैं न ?

ट०—(चरकटकी तरफ, फिर बौड़मकी तरफ घूमकर)

तुम्हारे मतलबके मुताबिक हाँ और नहीं दोनों। पहले बताओ, तुम उससे क्या चाहते हो ?

बौ०—हम लोग उनकी खातिर करना चाहते हैं।

ट०—वाह ! वाह ! तब तो मैं टर्रे खाँ, मेरे बाप टर्रे खाँ मेरी सात पुश्त सभी टर्रे खाँ हैं।

च०—हजूरके मिलनेसे हमें बड़ी खुशी हुई। क्या कहे घण्टोंसे ढूँढ़ रहे थे। एक मुश्किल आ पड़ी है। बस, उसीमें आपकी मिहरबानी चाहते हैं।

ट०—अगर मेरे लायक वह काम है तो मैं हर सूरतसे तैयार हूँ।

बौ०—बड़ी मिहरबानी है। बड़ी मिहरबानी है। मगर हजूर बैठ जायँ।

ट०—(अलग) बेहद तकल्लुफ कर रहे हैं यह तो। जेण्टिलमैन चोर हैं।

च०—हजूर! इसमे कोई तअज्जुबकी बात नहीं कि हम लोग आपके पास आये। प्यासा ही कुएँके पास आता है। और फिर आपके ऐसे काबिलोंको तो सारी दुनिया ढूँढ़ती फिरती है।

ट०—क्यों नहीं, जब कि मेरी लकड़ी बहुत सस्ती बिकती है।

चौ०—आह! हुजूर—

ट०—बात यह कि मैं चेलोंको हमेशा सुखाकर बेचता हूँ।

च०—जनाब इसका जिकिर न कीजिये।

ट०—दूसरे मैं दो रुपयेमें पौने डेढ़ मन देता हूँ।

चौ०—तोबा!

ट०—अगर आ जायें मेरे अब्बा तो भी न छोड़ूँ एक हब्बा। समझे?

च०—जनाब, यह सब बातें हमें मालूम हैं।

ट०—अगर ऐसा है तो तुम्हें यह भी मालूम होगा कि मैं इसी भावसे हमेशा बेचता हूँ।

च०—आप तो दिल्लगी करने लगे।

ट०—क्या तुम मेरी जोरूके भाई हो जो तुमसे दिल्लगी करूँगा? इससे कम जरा नहीं कर सकता।

चौ०—अरे, इन बातोंको छोड़िये भी।

ट०—इससे सस्ती और कहीं नहीं मिलनेकी।

च०—आप भी किन बातोंमें पड़े हैं?

ट०—कसम है कौड़ी कम न लूँगा। लेना है तो लो, गिरहसे दाम खोलो। फजूल झकझक करनेसे फायदा?

च०—भला इतना बहाना करनेसे फायदा?

बौ०—जी हाँ, ऐसे लायक और फायक हकीम होकर अपनी लियाकतको क्यों छिपाते हैं?

ट०—(अलग) अच्छे पागलोंसे पाला पड़ा।

बौ०—लिल्लाह लकड़ियोंकी बातचीत जाने दीजिये।

ट०—क्या?

च०—मतलब यह है कि हम आपको अच्छी तरह जानते हैं।

ट०—अच्छा, तो हमको क्या समझते हो?

बौ०—वही जो आप हैं। यानी बड़े भारी हकीम।

ट०—हकीम! वाह! हकीम तुम खुद होगे। हम क्यों हकीम होने लगे?

बौ०—(अलग) सनक सवार है। (प्रकट) बस, अब इनकार जाने दीजिये; नहीं तो फिर हमको आपको दोनोंको पछताना पड़ेगा।

ट०—क्यों, किस लिये?

च०—अब क्या बतायें?

बौ०—(अलग) उसने ठीक कहा था। बिना डण्डे-की मददके काम नही चलेगा (प्रकट) एक बार मैं फिर आपसे मिन्नत करता हूँ, कि लकड़हारेका बाना बदलिये। और अपनी असली हालतपर आ जाइये।

गाना ।

ट०—चलचल रे दीवाने एगाने बेगाने मर जा सड़ जा दूर हो जा ।

बौ०, च०—सुनिये तो सारी बातें हमारी होते काहेको खफा ।

ट०—यह सारी बात है वाहियात ।

बौ०, च०—चलें जनाब हमारे साथ ।

ट०—डगर पकड़ नजर पै रख अगर-मगर न कर जरा ।

बौ०, च०—सुनते नहीं अरज गरज हाय हुआ गजब बड़ा ।

बौ०—आप हकीम नहीं हैं ?

ट०—नहीं ।

च०—आप हकीम नहीं हैं ?

ट०—नहीं, नहीं, नहीं ।

बौ०—अच्छा तो अब आपको हम हकीम बनाते हैं । बिस्मिल्लाह ।

(दोनों एक एक डण्डा लेकर टरें खाँ को ठोकना शुरू करते हैं ।)

ट०—अरे बापरे, ठहरो—ठहरो ! जो तुम कहते हो वही हूँ मैं ।

बौ०—तो फिर काहेके लिये हमें इस बातपर मजबूर किया ।

च०—और अपनी इतनी दुर्गति क्यों करायी ?

बौ०—आपसे सच कहता हूँ, कि इसके लिये मुझे बहुत ही अफसोस है ।

च०—मैंने जबरन ऐसा किया!

ट०—कुछ समझमे नहीं आता। तुम दोनों क्या किसी पागलखानेसे भागे हो? सचमुच पागल हो या दिल्लगी कर रहे हो? हमें मार मारकर हकीम क्यों बना रहे हो?

बौ०—अरे फिर दिमाग बिगड़ गया आपका। क्या अब भी आप हकीम होनेसे इनकार करते हैं?

ट०—अरे भाई, जब हकीम ही नहीं तो इनकार क्यों न करें?

च०—क्या सचमुच आप हकीमी नहीं जानते?

ट०—जानते होते तो लकड़ी बेचते?

बौ०, च०—बिस्मिल्लाहः (फिर दोनों मारने लगते हैं)

ट०—हाँय! हाँय! अरे बापरे बाप! ठहरो ठहरो। अगर तुम्हारी यही मर्जी है तो मैं हकीम, डाक्टर, वैद्य, कम्पाउण्डर वगैरह वगैरह सब कुछ हूँ।

च०—बड़ी खुशीकी बात है कि आपकी सनक जाती रही।

बौ०—आपकी इस बातसे मुझे बड़ी खुशी हुई। मगर हाथ जोड़ता हूँ, मुझे माफ कीजिये।

बौ०—मिहरबानी करके हमारी ज्यादतियोंको भूल जाइए।

ट०—(अलग) या इलाही! क्या मैं ही तो नहीं धोखेमें हूँ, कि मैं असलियतमें शायद हकीम हो गया हूँ और अब तक मुझे खबर न हुई हो।

च०—हमलोगोंको अपना सच्चा हाल बतानेमें आपको पछताना नहीं पड़ेगा। घबराइये नहीं। आपकी खातिर अच्छी तरहसे होगी।

ट०—मगर यार, यह तो बताओ कि क्या मैं सचमुच हकीम हूँ? तुम्हें धोखा तो नहीं हुआ है?

च०—जरा भी नहीं।

ट०—सच?

च०—सच।

ट०—वाह! और मुझे अभीतक इसकी खबर भी नहीं।

चौ०—आपके बराबर दुनियाँमें तो कोई हकीमही नहीं।

ट०—ओ हो!

च०—आप वह हकीम हैं, जिसने बहुत सी बीमारियाँ अच्छी की हैं।

ट०—खुदा ही जाने।

चौ०—एक बुढ़िया जो छः घण्टेसे मरी पड़ी थी, आपने एक ही गोलीमें उसे जिला दिया।

ट०—तोबा! यह कैसी आफत ढाई!

च०—एक लड़की पेड़परसे गिरतेही मर गयी। आपने एक तेल उसके बदनपर मल दिया,वह उठकर दौड़ने लगी।

ट०—तब क्यों न मार पड़े? हिन्दुस्तानमे अच्छी कद्र होती है।

च०—आपकी मेहनत बरबाद नहीं जायगी। चलिये मेरे साथ। जितने रुपये मागेंगे, आपको मिलेंगे।

ट०—जितना चाहेंगे उतना मिलेगा?

बौ०—हाँ

ट०—वाह! तब तो मैं असलमें हकीम हूँ। मैं भूल गया था। मगर अब याद आ रहा है। अच्छा, बताओ कहाँ जाना है और क्या करना है?

बौ०—आइये, हमारे साथ आइये। आपको एक नौजवान लड़कीको देखना है, जो यकायक गूँगी हो गयी है।

ट०—बिना हकीमी पोशाकके?

च०—इसका इन्तजाम मैं कर दूँगा। आप चलें तो सही।

ट०—अच्छा(अपनी बोतल बौड़मको देकर) लो इसे थामो। यह अर्क बधियानकी बोतल है। (चरकटसे) तुम हकीम साहबके हुकुमसे आगे-आगे उल्टे चलो। (बौड़मसे) और तुम हकीम साहबके लिये घोड़ा बनो।

पहला दृश्य

लालचखाँका मकान।

(लालचखाँ, चरकट, चौटन)

च०—जी हजूर। लुकमानहीका भतीजा समझिये उनको ! ऐसे बड़े हकीम दुनियामें —

चौ०—न मिलेंगे। अरे हजूर आपके सर मुबारककी कसम, कई एक गड़े मुर्दे उन्होंने जबरदस्ती जिला दिये।

च०—जी हाँ, यह गजब देखिये, इनके सामने मलकुल-मौतकी भी नानी मरती है।

चौ०—मगर हजूर, उनके दिमागमें अकसर गर्मी ज्यादा चढ़ जाती है। उस वक्त फिर यह हकीम थोड़े ही मालूम होते हैं।

च०—लोग तो इन्हें खती समझते हैं। मगर असलमे है वे पक्के छँटे हुए। सबको बेवकूफ बनाये हुए हैं।

बौ०—कुछ हो, मगर हकीमीमे तो बस कुछ न पूछिये। बाजे वक्त तो ऐसी बाते करते हैं कि कुछ समझमे ही नहीं आता।

च०—अजी जनाब, उस वक्त ऐसा मालूम होता है, कि एकदम लुगत पढ़ रहे हैं।

लालचबख्श—ऐसी बात? अल्लाह! ले आओ जल्दी उन्हे।

बौ०—अभी लाया हजूर।

(बौड़मका जाना)

(खानमका आना और गान करना)

गाना

खुदाकी शान! रुपयेकी आंखोंमें पट्टी चढ़ी।
अक्लके गन्दे हैं, मा बाप अन्धे हैं, रुपयेके फन्देमें बेटीको शादी रची।
ऐसी शादीमें पूरी बरबादी है, सारी खराबी है, आहोजारी है, हर घड़ी।
इस बुड्ढे खूसटको सूझी है क्या, जो आता है करनेको शादी यहाँ।
फिटकार! फिटकार! बेशुमार! थू है थू हजार बार।
पगड़ी है सर पे कफनकी बँधो, टांगें हैं दोनों कब्रमें पड़ीं।
फिटकार! फिटकार! बेशुमार! थू है थू हजार बार।

दोनों हो राजी तो शादी आबादी हो।
प्यारी खुशियाली हो सारी सारी जिन्दगी।
वह बर मिले, कि दिल मिले, तो सुख अमनसे दिन कटे जी मेहरबान।

देखा, बड़े-बड़े हकीमोंको देखा। अब इनकी पारी है। कर चुके अच्छा। अय हजूर! आप भी किस बखेड़ेमें पड़े हैं? इस मुए हकीमको मारिये झाड़ू। जल्दीसे उसकी शादी कर दीजिये। अभी सब बीमारी अच्छी हुई जाती है।

लालचबख्श—बड़ी बी, तुम्हारी राय भला किसने पूछी थी?

च०—अजीब मुँहजोर बीबी है यह। कम्बख्त हर मामलेमें छः हाथकी जबान लिये कूद पड़ती है।

खानम०—मैं तुझसे कहती हूँ। और हजूर भी सुनें। दिलकी लगी, शादीसे ही अच्छी होती है। ये मुए हकीम डाक्टर सर पटकके मर जायँ, कुछ नहीं कर सकते।

लालच०—ऐसी हालतमें भला शादी कैसे हो सकती है। और जब मैं शादी करना चाहता था तब तो कम्बख्तने रो-रोकर मेरी नाकमे दम कर दिया था।

खानम०—और रोये क्यों न बेचारी? आप भी जान-बूझकर उसके नानाकी उमरवाले खूसटबेगको उसके गले मढ़नेवाले थे। अभी कीजिये शादी दिलदारके साथ, फिर देखिये, अपनी लड़कीको। मैनाकी तरह बोलने लगे।

लालच०—मगर दिलदार ठीक नहीं है। उसके पास क्या है?

खानम०—सूरत शकल इल्म हुनर दिल और नौजवानी।

लालच०—मगर दौलत तो नहीं है। अगर कलको वह मर जाय तो लड़की क्या खायेगी? कैसे उसके दिन कटेंगे?

खानम०—हजूर। इसकी अगर आपको फिकिर थी, तो यह भी जरा सोच लिया होता कि खूसटबेगके साथ उसके दिन कैसे कटेंगे? आग लगे उसकी दौलतपर। जब कलेजा धधकता हो तो निगोड़ा रुपया क्या उसे ठंढा कर सकता है? ऐसे मा बापकी अकिलपर पत्थर पड़े, जो रुपयेके लालचमें अपने लड़के-लड़कियोंके गलेपर अपने ही हाथसे छुरी चलाते हैं। हाँ, नहीं तो—

लालच०—बस बस बड़ी बी। नही जबानकी चूल ढीली हो जायगी।

च०—(खानमके कन्धेपर हर एक जुमलेके बाद थपकी लगाता है) अरे ओ मैडम डम्पलाटकी नानी। तुझे लेक्चर देनेके लिये यहाँ किसने कहा? अब तू अपनी बहस खतम करती है या नही। जा जा बावरचीखानेमें जा। हजूरको तेरी सलाहकी जरूरत नहीं। वह खुद समझदार आदमी

हैं। समझी? जो ज्यादा बढ़ेगी तो तेरी भी शादी खूसट-वेगसे कर देंगे।

(ढकेलता है)

लालच०—हाँ हाँ आहिस्तेसे।

च०—(फिर उसी तरहसे थपकी लगाता हुआ) हजूर, बोलिये मत। इसके लिये यह सबक है। मैं इस बदतमीज-को सिखाता हूँ कि हजूरके सामने इसे किस तरह बोलना चाहिये।

(बौड़म और टरैं खांका प्रवेश)

बौ०—हजूर यह हकीम साहब आ गये।

लालच०—आइये जनाब, तसलीम तसलीम। बड़ा इन्तजार दिखाया आपने।

ट०—जी हाँ, कपड़े पहननेमे देरी हो गयी। हाँ, हज-रत लुकमान फरमाते हैं कि हम दोनों बैठ जायँ।

लालच०—हाँ? अच्छा तो किस ध्यानमे?

ट०—ध्यानमें?...अरे यही कवायद उवायद करनेके ध्यानमे।

लालच०—तो कहिये कि कनिष्टबलीमे भी बड़ी दखल थी उनको। हाँ हाँ, तब तो उनका कहना जरूर मानना चाहिये।

ट०—जनाब हकीम साहब, बड़ी-बड़ी बातोंको सुनकर-

लालच०—आप किससे बातें कर रहे है ?

ट०—आपसे हकीम साहब !

लालच०—माफ कीजियेगा, मैं हकीम नहीं हूँ ।

ट०—क्या आप हकीम नहीं हैं ?

लालच०—नही ।

ट०—अररर ! अभी लीजिये । (एक छड़ी उठाकर लालचबख्शको उसी तरह पीटता है, जैसे खुद पीटा गया था ।) अब भी इनकार करेंगे ?

लालच०—हाय ! हाय ! हाय !

ट०—बस, अब आप खासे हकीम बन गये ; क्योंकि मैंने भी यही इम्तहान पास किये हैं ।

लालच०—अरे कम्बख्तो ! यह किस शैतानको पकड़ लाये ?

बौ०—मैंने हजूर ! पहले ही कहा था, जरा दिल्लगी-बाज हैं ।

लालच०—मैं अभी-अभी सारी दिल्लगीबाजी निकाल दूँगा ।

च०—हजूर, यह तो मजाक था ।

लालच०—मैं इस किसिमका मजाक नहीं पसन्द करता।

ट०—जनाब, मैं इसके लिये माफी माँगता हूँ।

लालच०—खैर, कुछ हर्ज नहीं।

ट०—मुझे बहुत अफसोस है—

लालच०—जाने दीजिये।

ट०—उन गुद्दोंके लिये।

लालच०—उसका जिकिर छोड़िये।

ट०—जिसको आपकी पीठपर मुझे मजबूरन मारना पड़ा।

लालच०—अजी जनाब, बार-बार क्यों उसकी याद दिलाते हैं? सुनिये, मेरी लड़कीको एक अजीब बीमारी हो गयी है।

ट०—बड़ी खुशीकी बात है, कि आपकी लड़कीको मेरी जरूरत पड़ी। मैं तो यही दिलसे चाहता हूँ, कि आप सब लोगोंको मेरी जरूरत पड़े, जिसमें मुझे अपनी कारगुजारी दिखानेका मौका मिले।

लालच०—इस खैरख्वाहीके लिये मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूँ।

ट०—लड़कीका क्या नाम है?

लालच०—शबनम।

ट०—शबनम! नाम तो बड़ा प्यारा है। और मरीजा-के लिये बहुत ठीक है। क्योंकि अक्सर मरीजका नाम मरीजको उतना ही फायदा पहुँचाता है जितना कि कोई हकीम।

लालच०—मैं अभी जाके देखता हूँ, कि वह क्या कर रही है?

ट०—और यह लम्बी औरत कौन है?

लालच०—यह मेरी छोटी बच्चीकी दाया है।

(लालचबख्श और बौड़मका जाना)

ट०—(अलग) आहाहा! कैसी दिलतोड़ चीज है। (प्रकट) जनाब दाया साहब! तोबा! मेरी अच्छी बेगम। आपके ऊपर मेरी सारी हकीमी हजार जानसे कुर्बान है। यह कहाँ थी मेरी किस्मत कि मैं आपकी गोदका बच्चा होता? खैर, इस वक्त तोमेरी लियाकत और काबिलियत सब आपके तलवोंके नीचे—

चरकट—जनाब हकीम साहब, बस, बस, तारीफ खतम कीजिये, नही तो मेरी बीबीका दिमाग बिगड़ जायगा।

ट०—अबे यह तेरी बीबी है?

च०—और नहीं तो क्या ?'

ट०—उल्लूका पट्ठा। चुप। तेरे बापके भी ऐसी बीबी थी कि तेरी ही होने लगी ?

(लालचबख्शका आना)

लालच०—लड़कीको लोग ला रहे हैं।

ट०—अच्छी बात है। मैं भी उसके लिये यहाँ दवा-इयोंके ज़ोरपर खड़ा हूँ।

लालच०—मगर दवाइयाँ हैं कहाँ ?

टर्रे—(माथा छूकर) यहाँ ?

लालच०—खैर।

ट०—(खानमकी तरफ बढ़ता हुआ) मैं आपके सब घर-वालोंकी खैरियत चाहता हूँ। इसलिये दायाकी भी मुझे कुछ फिकिर करनी चाहिये और—

च०—(पीछे घसीटता हुआ) रहने दीजिये। मुझे उसकी फिकिर है।

ट०—खबरदार! खबरदार! हकीम साहबकी बात काटते हो ? दूर हो सामनेसे नहीं अभी जुलाब दे दूँगा।

(शबनम और बौड़मका आना)

ला—यह देखिये, यह लड़की आ गयी।

ट०—यही बीमार है ?

ला०—जी हाँ। मेरी एकलौती लड़की है। अगर मर गयी तो मेरे घरका चिराग बुझ जायगा।

ट०—खातिर जमा रखिये। बिना हकीम साहबके नुसखेके नहीं मर सकती।

(टर्रे खाँ शबनमके चारों तरफ घूम घूमकर देखता है)

ला०—कुरसियाँ लाओ। क्यों हकीम साहब, यह क्या कर रहे हैं आप?

ट०—मैं यह देख रहा हूँ कि यह किस तरफ बीमार है।

ला०—आपने तो उसको हँसा दिया।

ट०—जनाब, यह अच्छे होनेकी निशानी है। (शबनमसे) हाँ, क्या हाल है? कौनसी बीमारी है?

शब०—(इशारोंमें जवाब देती है। पहले मुँहकी तरफ बताती है, फिर गलेपर हाथ रखके) हाँ हीं हों, हाँ हीं हों।

ट०—यह क्या कह रही हो?

शबनम—हाँ ही हों।

ट०—क्या? क्या? क्या?

शबनम—हाँ हीं हों।

ट०—(नकल करता हुआ) हाँ ही हों, यह किस लुगतकी बोली है?

ला०—यही तो बीमारी है। इसके गूँगी हो जानेके

सबबसे कुछ पता ही नहीं चलता कि क्या है? इसीलिये इसकी शादी रुकी है।

ट०—किस लिये?

लालच०—जो आदमी इसके साथ शादी करना चाहता है, वह कहता है कि जबतक यह अच्छी न हो जायेगी तबतक मैं शादी न करूँगा।

ट०—वह बेवक़ूफ है कौन, जो गूँगी औरत नहीं पसन्द करता? मैं तो अपनी बीबीके लिये चारों हाथ पैरोंसे रोज यही दुआ करता हूँ, कि या परवरदिगार! उसको यही बीमारी हो जाय। फिर मैं उसको जिन्दगी-भर कभी न अच्छा करूँ।

ला०—खैर, इसको तो अच्छा कीजिये।

ट०—यह तो बताइये कि इसको इसकी वजहसे कुछ तकलीफ भी है?

ला०—बेहद।

ट०—शुक्र है। दर्द भी होता है?

ला०—बहुत।

ट०—ठीक है। (शबनमकी तरफ मुड़कर) हाथ तो दिखाना। ओ हो! यह नब्ज साफ बता रही है कि यह गूँगी हो गयी है।

ला०—बस बस, यही बीमारी है। आपने तो फौरन पता लगा लिया।

ट०—मेरे जैसे बड़े हकीम बीमारी तुरन्त पहचान लेते हैं। जो लोग घण्टों असल चीजके इधर-उधर भटकते हैं और कहते हैं कि यह नहीं वह है, उनको समझ लीजिये, कुछ नहीं आता। मगर मैंने आते ही झटसे कह दिया कि कुछ नहीं, आपकी लड़की गूँगी हो गयी है।

ला०—बहुत ठीक। मगर इसकी वजह क्या है?

ट०—वजह क्या? बस यही कि बोली बन्द हो गयी।

ला०—दुरुस्त। मगर बन्द होनेका सबब?

ट०—यूनानके बडे-बड़े हकीम इसकी वजह यों बताते हैं कि जबान जब कहीं अटकती है तो बोली बन्द हो जाती है।

ला—तो भी इस जबानके अटकनेवाली बातपर आपकी क्या राय है?

ट०—यूनानके बड़े भारी हकीम जनाब अनापशनाप मौलाना हुद हुद साहब इसके बारेमें फरमाते हैं—बड़ी-बड़ी बातें।

ला०—जी।

ट०—जी जनाब, वह बड़े भारी आदमी थे।

ला०—बेशक !

ट०—ओफ ओः ! बड़े भारी आदमी थे । (अपने सरसे ऊँचा हाथ फैलाकर) मुझसे भी इतने बड़े थे, अच्छा तो जबानके रुकनेकी वजह यह है कि दिमागमें जब बहुतसे अबखारात भर जाते, हैं जिसको कि मेरे जैसे अकिलमन्द हकीम अबखाराते फुजला कहते हैं · और क्या नामके··· बदनकी गर्मीसे··· बीमारकी हाण्डियेतोन्दमें···भाफ बन बनकर···इस तरहसे···आप बोकराती जबान जानते हैं ?

ला०—बोकराती ! यह किस मुल्ककी जबान है ?

ट०—आयँ ! हकीमोंके मुल्ककी जबान है जनाब ! आप नहीं जानते ?

ला०—नहीं—

ट०—(बड़े जोशके साथ) नब्ज बिलबिल उर्फ गिल-विल तोबा उल गचगच ? क्योंकि अगड़म-बगड़म, कूड़ा-करकट, अल्लम गल्लम, बर्छी बल्लम, गलबल्ला बलगल्ला ! समझे जनाब ? नादिर आफत बस !

ला०—सचमुच है बड़ी मुश्किल जबान ।

चौ०—सुभान अल्ला ! क्या कहा है वाह वा ! कुछ समझहीमें नहीं आया ।

ट०—हाँ, तो वही भाफ, जिसका जिकिर मैंने अभी

किया है। बाईं तरफसे जहाँपर कलेजा है, गुजरकर दाहिनी तरफ आता है, जिधर दिल रहता है; इसीलिये फेफड़ा जिसको बोकरातीमे गच-गच कहते हैं, एक नलीके जरियेसे जिसका नाम नलिपुन है, दिमागसे जो कूड़मग्ज कहलाता है, सरोकार रखता हुआ, उन भाफोंसे जिसका जिकिर हो चुका है, मिलता है। और···मगर जरा सुनते जाइए। हाँ, तो यह भाफ···जरा मेरे सवूतोपर गौर करते जाइये।

ला०—हाँ।

ट०—कुछ ऐसी निसवत रखता है। सुनते जाइए।

ला०—सुन रहा हूँ।

ट०—जिसकी वजहसे फेफड़ेके सन्दूकमें आफिताऊल साफिता फायलूलू फाइला। वस, आपकी लड़कीके गूँगी हो जानेको असल वजह यही है।

च०—अहा! मेरी भी जबान इतनी तेज फिसलती?

ला०—बहुत ही दुरुस्त वजह फरमायी आपने, मगर एक बात मेरी समझमे ठीक नहीं आयी। दिल और कलेजेकी जगहोंको मुझे मालूम होता है कि आपने एक-दम उलट दिया। क्योंकि दिल बाँई तरफ होता है और कलेजा दाहिनी तरफ।

ट०—जी हाँ, वह पुराना फैशन था। लेकिन अब हम लोगोंने अपने सुभीतेके लिये उनकी जगहें बदल दी हैं।

ला०—खैर, माफ कीजिये, मुझे इसकी खबर न थी। अच्छा, इस बीमारीके लिये कौनसी दवा देना आप मुनासिब समझते हैं?

ट०—आप जो कहें वही दूँ। कहिये तो अर्क धतूरान अर्क बधियान, आबेहराम, सत्त कुकड़ूँ, सब एकबारगी दे दूँ। लाना तो बोतल · शामको फिर आऊँगा। और दवा भी साथ लाऊँगा। इन्शाल्लाताला! देखियेगा सुबहतक सफाचट! (खानमसे) इधर आओ इधर, जरा नब्ज तो दिखाती जाओ; क्योंकि तुम्हें बड़ा करारा जुलाब चाहिये।

खा०—मुझे? आपकी दुआसे मैं भली-चंगी हूँ।

ट०—यही तो खराबी है। ऐसी तन्दुरुस्ती ठीक नहीं। तुम्हारे बदनमें खून ज्यादा है, तुम्हारे सम्हाले नहीं सम्हल सकता। इसलिये थोड़ासा निकाल देना बहुत ही जरूरी है।

ला०—मगर यह तरीका मेरी समझमें नहीं आता कि जब तन्दुरुस्ती अच्छी है तो क्यों दवा खाये?

ट०—इसलिये कि आनेवाली बीमारियोंसे बची रहे।

खानम—अय! आग लगे इस निगोड़े तरीकेपर। ये हकीम लोग तो और बिना बीमारीके बीमारी पैदा करते

हैं। एक जुलाब क्या इनके हाथ लग गया है, कि हर जगह जुलाब! जुलाब! (बड़बड़ाती हुई जाती है)

ट०—अच्छा, तो मुझे रुखसत कीजिये।

ला०—लीजिये, अपनी फीस।

ट०—(लालचबख्श इधर जेबमें हाथ डालता है, उधर झटसे टरें खाँ अपना हाथ फलाता है) नहीं नहीं, रहने दीजिये।

ला०—अजी, मैं किस काबिल हूँ जो आपको नजराना दे सकूँ। फिर भी…

ट०—(हाथ फैलाए) यह क्या गजब करते हैं?

ला०—अब इसको मेरी खातिर…

ट०—(झटसे लेकर) इसकी क्या जरूरत थी? आपकी कसम, मैं कभी फीस लेता ही नहीं। मगर क्या करूँ, आपकी दिलशिकनीका भी तो ख्याल है…आदाबर्ज।

दूसरा दृश्य

(रास्ता)

(टरें खाँ और दिलदार)

ट०—वाह री हकीमी ! क्यों न हो ! शुरूमेंही जब यह हाल है तो—

दिल०—आदाबर्ज़ जनाब। आपके ही इन्तजारमें बड़ी देरसे खड़ा हूँ। आपके हाथमें मेरी जान है। बचतकी कोई सूरत निकालिये।

ट०—(नब्ज़ दिखाता है) ओफ ओ ! तुम्हारी हालत बहुत खराब है।

दिल—जनाब, मैं बीमार नहीं हूँ और न मैं इसके लिये आपके पास आया ही हूँ।

ट०—अगर तुम बीमार नहीं हो, तो पहलेसे क्यों नहीं वताया मुझे ? मेरी तो फीस नब्जपर हाथ रखते ही हो गयी।

दिल० – आपके पास आनेका असल मतलब यह है कि मैं एक मामलेमे आपकी मदद चाहता हूँ। मेरा नाम दिलदार है। मैं उस लड़कीके पीछे, जिसको आप अभी

देखने गये थे, दीवाना हो रहा हूँ। अपने बापके जुल्मोंसे वह बेचारी बहुत सतायी जा रही है।

ट०—अच्छा तो तुमको क्या पड़ी है? वह सताई जा रही है या चूल्हेमें जा रही है, तुम्हें क्या? दूसरे तुम दिलदार हो या दिलदारके बाप हो, मुझसे उससे क्या सरोकार?

दिल०—आपसे बस मैं यही चाहता हूँ कि किसी-न-किसी तरकीबसे आप मुझसे उससे दो बातें करा दीजिये।

ट०—अब रङ्ग लायी गिलहरी। (बिगड़कर) क्यों बे, मैं हकीम हूँ या कुटरम जो मुझसे तू कुटरमी कराना चाहता है? बदतमीज—बेहूदा कहीका। अबे, जाता है सामनेसे या नहीं?

दिल०—हाँ हाँ, यह क्या गजब करते हैं; इतने जोरसे न बोलिये।

ट०—अबे, मैं हकीम हूँ, खूब चिल्ला-चिल्लाकर बोलूँगा कम्बख्त!

दिल—हाथ जोड़ता हूँ। कोई सुन लेगा।

ट०—नालायक!

दिल०—मुझपर रहम कीजिये।

ट०—मैं हकीम हूँ, खान्दानी हकीम हूँ। कुटना नहीं हूँ, जो ऐसे····

दिल०—(जेबसे रुपये निकालकर) जनाब—

ट०—मामलेमें मदद करूँ। (रुपये लेकर) मैं जनाब आपसे नहीं कहता हूँ। आप तो बड़े भले आदमी हैं। आपका काम न करूँगा तो करूँगा फिर किसका? दुनियाँमें ऐसे-ऐसे वाहियात लोग हैं जो शरीफोंको नहीं पहचानते। आते ही उनसे कमीनेपनकी बातें करने लगते हैं। उन्हींपर मेरा जी जलता है।

दिल—मैं अपनी गुस्ताखीकी माफी चाहता हूँ। और—

ट०—कहाँकी गुस्ताखी? अब आप अपना साफ-साफ हाल कहिये।

दिल०—हाँ, तो बात यह है कि जिस बीमारीको अच्छा करनेको आप बुलाये गये थे, वह बिलकुल नकली है। बड़े-बड़े हकीम और डाक्टरोंने उस मरीजाको देखा मगर कोई भी असल वजह बता न सका। किसीने उसकी बीमारीका सबब दिलका धड़कना बताया, किसीने मेदेकी कमजोरी, किसीने फेफड़ेकी खराबी। गरज सबने एक नयी बात बतायी। मगर असलियत इसकी मुहब्बत है। शबनमने यह बहाना अपनी शादी रोकनेके लिये निकाला

है। चलिये, यहाँसे हट चलिये, तब मैं आपको बतलाऊँगा कि किस तरहसे आप मेरी मदद कर सकते हैं।

ह०—आपकी बातोंको सुनकर मेरे पेटमें चूहे उछलने लगे। मैं आपकी मदद करनेके लिये सारी हकीमी खाकमे मिला दूँगा।

पहला दृश्य

(रास्ता)

(जंजाल और टर्रे खां)

गाना ।

ज०—देखो देखो मियां ! सुनो सुनो मियां ! उमर मेरी, बीत गयी,
चोली नहीं, पहनी कभी है ।
जाओ जाओ जाओ, अभी लाओ सही साड़ी नई, पहनूं जरी मैं ।
ट०—आहा हा ! ज० ओहोहो !
ज०—जाओ जी जाओ मियां, कङ्गन गढ़ाओ, चोली सिलाओ,
ओढ़नियाँ भी सइयाँ, दुकनियाँसे लाओ । जाओ ॥
ट०—कसी ओढ़नियाँ लोगी मोहनियाँ,
पहले जरी, लादो अभी, रोटी बड़ी भूख लगी है ।

ज०—क्यों जी, तुम मुझे पाजेब न ब बनवा दोगे ? देखो तो पैर कैसे सूने मालूम होते हैं ? निगोड़ा एक छड़ा

तक नहो। न मेरे कानमे बाली, न हाथमें कङ्गन। तुमसे यह भी न हुआ कि एक बन्दा हो गढ़ा दे। जाओ, हटो, निरी कङ्गालिन बीबी बनाकर रखा है।

ट०—(अलग) वाह रे रुपया, तुझसे सब कुछ है। जब तू है, तब यह हरामजादी भी सीधे मुँह बोलती है। नहीं तो कम्बख्त मूण्डीकाटेसे कममे बात तक नहीं करती थी। (प्रकट) अरी मेरी अम्माकी पतोहू, ले गहने कितना लेगी? अभी तो हकीम हुआ हू। जरा और सब्र कर।

ज०—हकीम हुए तुम मेरी बदौलत। अगर तुम मुझे न ठोकते तो मैं भी तुम्हें हकीम न बनवाती।

ट०—मुझे पहले ही मालूम हो गया था, कि यह तुम्हारी ही कारिस्तानी है। अहाहा! कैसी खैरख्वाह बीबी है, मियाँको पिटवानेकी हर वक्त फिकिर रखती है। (अलग) रह हरामजादी, मैं तेरी भोली बातोंमें नही आनेका। ऐसा बदला लूँगा कि तू भी याद करेगी। (प्रकट) बीबी, जरा हटके खड़ी हो। देखो, कोई आ रहा है।

ज०—अच्छा, तो मैं जाती हूँ, ओढ़नी खरीदने। तुम जाओगे नहीं।

ट०—जरा ठहरो, मैं भी चलूँगा।

(डाक्टर लपलोसका आना)

लप०—क्यों जनाब, आप ही तो नहीं हैं जनाब टर्रे खाँ साहब बहादुर, जिन्हें गूँगेको अच्छा करनेमें कमाल हासिल है ?

ट०—जी हाँ।

लप०—मुझे आपसे कुछ राय लेनी है।

ट०—अच्छा, पहले नब्ज तो दिखाइये।

लप०—माफ कीजिये। मैं खुद डाक्टर हूँ। मैं पागलों-की डाक्टरी करता हूँ। इस वक्त मेरे पास एक गूँगा मरीज आया है, जिसको मैंने बहुत-सी दवाइयाँ पिलायीं, मगर अभी उसने जबानतक नहीं हिलायी।

ट०—अच्छा, उसको आप मेरे हवाले कीजिये, मैं उसकी दवा करूँगा। और जनाब डाक्टर साहब, आपको पाकर मैं भी बड़ा खुश हुआ! क्योंकि वह औरत, जो सामने खड़ी है, एकदम पगली हो गयी है। उसका पागल-पन अजीब तरहका है। वह जिस आदमीको देखती है, उसीको अपना मियाँ यानी खसम समझती है। अगर आप मिहरबानी करके उसे अपने पागलखानेमें भरती कर लें……

लप०—बड़ी खुशीसे, बड़ी खुशीसे भरती कर लूँगा जनाब!

ट०—सबसे पहले तो उसके बदनसे ढाई सेर खून फसद लगाकर निकाल दीजियेगा। फिर उल्टे अस्तुरेसे उसका सर मुड़वा दीजियेगा। उसके बाद हर सुबह और शामको चालीस कोड़े अपने सामने गिनकर उसे लगवाइयेगा। खाने-पीनेके लिये तीन रोजमें एक गिलास पानी और हो सके तो मुट्ठीभर चना उसके लिये बहुत है। समझे आप? चौकसी खूब हो, भागने न पाये।

लप०—जी हाँ। मैं आपके हुक्मोंकी फौरन तामील करूँगा। यह आपका तरीका बहुत ही आसान और फायदेमन्द मालूम होता है।

ट०—(जंजालको पुकारकर) अरी ओ, जरा इधर तो आओ। इनसे हमने कह दिया है। इन्हींके साथ चली जाओ। यह उधर ही जा रहे हैं। (लपलोससे) देखिये, पूरी खबरगीरी रखियेगा।

ज०—देखो मेरे मियाँ, देर न लगाना। तुम भी आना जरूर।

लप०—(अलग) मेरे मियाँ! अजीब पागलपन है, अच्छा!

(जंजाल और लपलोसका जाना)

ट०—हाँ हाँ, चलो पसन्द तो करो, मैं आता हूँ।

(अलग) रह हरामजादी। जैसेको तैसा मिला। नौ नकद न तेरह उधार।

(दिलदारका आना)

दिल०—जनाब मुझको देखिये जरा। हकीम बननेमें कोई कसर तो नहीं रही? भला कोई पहचान तो नही सकता अब?

ट०—अजी नहीं। अब तो मलकुलमौत भी धोखा खा जायेंगे।

दिल०—अच्छा तो मिहरबानी करके दो-चार दवाइयोंके बड़े-बड़े नाम बता दीजिये, ताकि उन्हें मैं बोलचालमे मौकेपर इस्तेमाल करूँ।

ट०—इसकी कोई जरूरत नहीं। बस, पोशाक काफी है। मैं खुद इसको नही जानता। मैं भी बिल्कुल तुम्हारी ही तरह खोखलू हकीम हूँ।

दिल०—यह क्या?

ट०—अजी मैं तो सच कहता हूँ। मैं तो कसम खानेतककी भी हकीमी नहीं जानता। मगर तुम अब मेरे चेले बने हो। तुमसे क्या छिपाऊँ? देखो, कहीं भण्डा न फोड़ देना।

दिल०—सचमुच?

ट०—हाँ। मैं तो जबरदस्ती हकीम बनाया गया। मुझे सपनेमें भी नही ख्याल था कि मैं इतना काबिल हूँ। सारी हकीमी मुझे योंही आ गयी। ऐसे गदहोंसे पाला पड़ा था। क्या कहूँ? जो करुवख्तोंको एक दफे सूझ गयी, उसीके पीछे पड़ गये। खैर, जब देखा कि वे लोग मुझे हकीम बनानेपर तुले बैठे हैं, तो भई मजबूरी थी। फिर तो हर तरफसे मेरी बुलाहटपर बुलाहट आने लगी। अगर, यही हाल रहा तो मैंने भी पक्का इरादा कर लिया है कि जिन्दगीभर हकीमी ही करूँगा। बड़ा अच्छा पेशा है। चाहे हम गलती करें या बेवकूफी करे, हमारा मिहनताना कहीं नहीं जाता। हमारी गल्ती हमारे सर नहीं मढ़ी जाती उल्टे बीमारके मत्थे जाती है। अगर कोई दर्जी कपड़ा सत्यानास कर दे तो उससे कपड़ेका दाम धरा लेते हैं। मगर हम लोग चाहे सैकड़ों आदमियोंका सफाया कर दे, कुछ परवाह नहीं। कोई चूँ नहीं कर सकता। बल्कि ऊपर-से हम लोग डाँट बताते हैं; क्योंकि हमलोग कसूर नहीं करते। जो मरते हैं, उन्हींका कसूर होता है। हमारे इस पेशेकी इतनी बड़ी इज्जत खासकर मुर्दों की ईमानदारी और शराफतपर कायम है; क्योंकि यह बेचारे कभी शिका-यत करने नहीं आते कि हमको फलाने हकीमने मार

डाला, बल्कि अपने सरपर सारा कसूर लेकर चुपचाप पड़े रहते हैं।

दिल०—मुर्दोंकी शराफतका क्या कहना है। इस बातमें वे लोग बड़े भलेमानस होते है।

ट०—(कुछ आदमियोंको देखकर) देखो ये लोग हमारे ही पास आ रहे हैं। चलो, हमें तुम रास्तेमें मिलना।

(दिलदारका जाना)

(रामफल और द्वारकाका आना)

राम०—(द्वारकासे) देखो जी घबड़ाइयो मती। जाँदे वाने कछु टिरपिर कीन्ही, द्वै लपोटा शारेको दे हैं। तुरन्तई हकीम बनि जइ है · लो हकीम साहब, तुम्हारो लैं एक मरीज लइ आये।

द्वारका—क्या कहें हकीम साहब। मेरी स्त्री छः महीनेसे पड़ी है। (टेंखाँ हाथ फैलाता है कि कुछ मिले) बस, हजूरका ही भरोसा है। आपका ही नाम सुनकर आया हूँ।

ट०—उसे हुआ क्या ?

द्वा०—मैं क्या बताऊँ, क्या हुआ ? न जाने कितने हकीम आये। किसीने दमा बताया, किसीने तपेदिक, किसीने सरसाम। गरज, कि सब मिलकर सब बीमारियों-की फेहरिस्त वता गये।

ट०—अच्छा, तो उसकी हालत बताओ।

द्वा०—सूखकर काँटा हो गयी है। पेट बहुत फूल गया है। दिन-रात पानी ही माँगा करती है।

टट—(हाथ फैलाये हुए) मगर मतलबकी बात बोलो।

द्वार०—मतलब यही है कि हजूरसे पूछने आये हैं कि क्या करें अब ?

ट०—क्या अगड़म बगड़म बकते हो ? मेरी कुछ समझमें नही आता।

राम०—हकीम शाहब, इनकी मेहरुआ मान्दी है। और जे तुम्हारो लै पाँच रुपइया लई आए है। ऐशो कुछ जतन बताओ कि शुशरी चङ्गी हो जाय। शमझे ? हाँजी रुपइया दीजो जी।

ट०—(रुपये पाकर) अब मेरी समझमे सब आ गया। यह आदमी खूब साफ कहता है। तुम्हारी बीबी छः महीनेसे बीमार है। पानी ही पीती है। हाथ-पैर सूख गये हैं। मगर पेट फूला है। यही बात है न ?

द्वार०—हाँ, बस यही।

ट०—अच्छा, एक नाँदमे तीन पीपे मिट्टीका तेल छोड़ना। अच्छा और एक सेर कड़वा तेल। उसीमें तुम अपनी बीबीको सरके बल खूब गोते दे-देकर धूपमें

खड़ी कर देना। इनशाल्लाताला—बहुत जल्द सारा मज मय मरीजके एकदम रफूचक्कर हो जायगा। समझे?

द्वार—हाँ, हकीम साहब, आप गुसइयाँ हैं।

ह०—और सुना? जब मर जाय तो बहुत गहरा दफन करना ताकि फिर मर्ज उभड़नेका डर न रहे।

(द्वारका और रामफल जाते हैं)

(खूसटबेग और चौउम)

खूसट०—जितनी हो ज्यादा उमर बढ़ती है उतना ही ज्यादा तजुरबा इस बातका होता है कि बुढ़ापेमें औरतकी बड़ी जरूरत है। यह मुझ जैसे तजुरबेकार लोगोंके ही मुँहसे कहते अच्छा मालूम होता है कि बिना औरतके जिन्दगी दो कौड़ीकी, इसलिये इस अस्सी बरसकी उमर-में मैंने फिर शादी ठहरायी। मगर कुछ दालमें काला मालूम होता है; क्योंकि मैंने दिलदारको इस मुहल्लेमें कई एक दफे चक्कर लगाते देखा है।

चौ०—अजी मौलाना, खूसटबेग, सलाम।

खूसट०—सलाम, सलाम भाई ससुराली नौकर। कहो क्या हाल है?

नौ०—आज कुछ न पूछिये। दो-दो हकीम आये हैं। हकीम टर्रे खाँ मय अपने असिस्टेण्टके तशरीफ लाये हैं। बड़ी-बड़ी मुलतानी दवाइयाँ मँगवायी जा रही है। यह देखिये नुसखा "उस्तुखुद्दूस" लानेके लिये मुझको भेजा है। सारा बाजार छान डाला, कहीं नहीं मिलता।

खूसट—मेरी बात सुन। मुझे तू वहाँ किसी तर्कीब-से छिपाकर ले चल।

नौ०—कहाँ—जनानखानेमें? वाह! किसी भटियारेका घर मुकर्रर किया है क्या आपने? नहीं जनाव,वहाँ हकीम साहवानको छोड़कर कोई बाहरी आदमी नहीं जा सकता।

खूसट—अरे भाई,कहना तो मान। तेरे ही मालिकका फायदा है। मुझे मालूम हुआ है कि दिलदार आज ही रातमे शवनमको मय चारपाईके उठा ले जानेवाला है। समझा? इसीलिये तुझसे कहता हूँ कि मुझको छिपा-कर जनानखानेमें ले चल और चुपचाप शवनमकी चार-पाईके नीचे लेटा दे, ताकि दिलदारका दाँव न चले। समझा? दो आने पैसे दूँगा।

नौ०—नही हो सकता।

खूसट—अच्छा चार आने।

चौ०—नहीं।

खूसट—आठ आने, बारह आने।

चौ०—उहुँक।

खूसट—बस, एक रुपयेसे ज्यादा न दूँगा। यह देख।

चौ०—अच्छा लाइये। और दो आने ढोलाईके पड़ेंगे। लाइये, पैसे भी निकालिये।

खूसट—भई, पैसे तो नहीं दूँगा।

चौ०—अच्छा, आइये। इस चद्दरपर बैठ जाइये।

(खूसटबेगको चद्दरमें खूब कसकर बाँधता है)

आपको "उल्लुखुद्दूस" बनाकर ले चलूँ। मगर समझ लीजिये, बिना पैसे लिये सरसे गठरी न उतारूँगा। अच्छा, मगर खबरदार, वहाँ कुछ बोलियेगा नहीं, वरना पकड़े जाइयेगा।

(लालचबख्शका मकान)

दिलदार और शबनम

गाना

दिल०—इधर तो जरा डालो नजर मेरी प्यारी।
शब०—है कौन मुआ आया बड़ा कहने मुझे प्यारी।
दिल०—तड़प-तड़प जान गयी।
शब०—आहा ! पहचान गयी।
रूप बदल करके मोहन आये मन मगन भये।
दिल०—होये अचल प्रेम मिलन अब तो यह जतन रहे।
सुन लो मेरी जान। देके जरा ध्यान।
फन्देजी गहरे हैं फाँसेके ठहरे हैं चकमा भरा है बड़ा—इधर तो जरा०

(बौड़मका सरपर गठरी लिये हुए आना)

बौ०—लीजिये हकीम साहब, उतरवाइए अपना "उस्तुखुद्दूस"। तोबा! इतना भारी नुसखा आपको मेरे ही सर पटकना था।

दिल०—अरे क्या अदद 'उस्तुखुद्दूस' उठा लाया।

बौ०—बड़ी मुश्किलसे तो एक मिला है। आप कहते

है कि कय अदद ।

दिल०—अच्छा, उतारता क्यों नहीं ?

बौ०—ठहरिये साहब । ढोलाईके दो आने पैसे तो पहले ले लें । अजी मौलाना साहब ! लाइये पैसे, नहीं तो पटकता हूँ यहीसे ।

शब०—उई ! कौन है इसमें ?

बौ०—अरे ! वाह ! बिटिया बोलने लगीं । बोलने लगी (जल्दीसे गठरी उतारकर) अरे सरकार जबान खुल गयी, दौड़िये…

(दौड़ता हुआ बाहर जाता है)

दिल—(गठरी जल्दीसे खोलता है) अररर ! गजब हो गया ।

शब०—क्या है दिलदार ?…अरे ! मेरे परवर दिगार !

खूसट—(गठरीके भीतरसे सिर्फ सर निकालकर) क्यों बे हरामजादे, हकीम बनकर आया है ? अररर !

(शबनम झट एक झाबेसे खूसटबेगको ढक देती है और दिलदार दनसे झाबेपर बैठ जाता है ।)

(लालचबख्श, बौड़म और टर्रे खाँका प्रवेश)

लालच—मेरी लड़की बोलने लगी ? वाह, हकीम टर्रे खाँ साहब, आप और आपके शागिर्द दोनोंको मुँहमाँगे इनाम दूँगा ।

ट०—(टोपीसे अपने मुँहपर जल्दी-जल्दी पङ्खा करता हुआ स्टेजपर बड़ी तेजीसे टहलता है) ओफ ओ! कम्बख्त इस बीमारीने तो मुझे बड़ा परेशान किया।

लाल०—ओहो! मेरी लड़कीकी जबान खुल गयी!

शब०—जी हाँ, खुल गयी। मगर यही कहनेके लिये खुली है, कि मैं हर्गिज यह शादी नहीं करूँगी।

लाल०—अररररर!

(शबनम बड़े जोशके साथ लगातार बोलती चली जाती है और लालबक्श सख्त चकराता है। उसे कुछ बोलनेका मौका ही नहीं मिलता। शबनम आगे बढ़ती जाती है और वह पीछे हटता जाता है। इस तरहसे वह स्टेजमें चारों तरफ घुमाया जाता है।)

शब०—कुएँमे कूदूँगी, जहर खाऊँगी। मगर यह शादी नही करूँगी।

लाल०—क्या, क्या?

शब०—मैं दीवानी हूँ, मैं पागल हूँ, मैं किसीकी न सुनूँगी, न सुनूँगी।

लाल०—अगर—

शब०—सारी बातें फजूल। मैं न मानूँगी। चाहे कोई जबह कर डाले। सूलीपर चढ़ा दे। फाँसी लगा दे। मगर नही नही, मैं नही माननेकी।

लाल०—मैं—

शब०—बस, अब मैंने दिलमें ठान ली है। जो हो सो हो। बलासे खाल उधेड़ ली जाये। मगर यह शादी नहीं करूँगी।

लाल०—लेकिन—

शब०—दुनियामें कोई भी मेरे इस इरादेको तोड़ नहीं सकता।

लाला०—मुझे...

श०—अबतक मेरी जबान बन्द थी। लेकिन अब मेरी जबान चली है और इसलिये चली है कि माँ-बापकी आँखों-के सामनेसे लालचके पर्दको हटा दूँ। उनके वज्रसे कलेजे-को अपनी आहोजारीसे दहला दूँ। दुनियासे इस जुल्मको मिटा दूँ।

लाल०—यह—

शब०—मैं जालिमोंकी बातोंको नहीं सुन सकती। मैं बेरहम जल्लादोंके फेरमें नहीं पड़ सकती।

लाल०—यह शादी जरूर होगी।

शब०—हर्गिज नहीं। मेरी मौत मुझे बचायेगी। यह कुर्बानी खाली मुझीको इस जुल्मसे नहीं बचायेगी, बल्कि हजारों लाखों बेकल और बेजबान बच्चियोंके रास्तेसे इस जुल्मके काँटेको हटा देगी।

ट०—देखिये जनाब दवाका असर। जबानको इतना चला दिया कि कोई रुकावट ही नहीं रखी।

लाल०—अरे हकीम साहब, देखते क्या हैं? इस चुड़ैलको फिर गूँगी कर दीजिये।

ट०—यह तो अब नहीं हो सकता। मगर हाँ, कहिये तो आपको बहरा कर दूँ।

लाल०—अच्छा, रह हरामजादी, तेरी आज ही खूसट-बेगसे शादी किये देता हूँ।

शब० मेरी लाशके साथ।

ट०—(लालचबख्श से) जरा ठहर जाइये, मैं इसको दूसरी दवा देता हूँ।

लाल०—नहीं नहीं, यह बीमारी नहीं अच्छी हो सकती।

ट० – खातिर जमा रखिये, मैं सारी बीमारियोंकी जड़ ही उड़ाये देता हूँ। अरे, म्याँ शागिर्द! देखो, यह दिलदार-की मुहब्बतमें मतवाली है और खूसटबेगकी तरफसे नफरत होनेकी वजहसे दीवानी है। और घरवालोंके दबाव और जबरदस्तियोंसे पागल हो रही है। इसके लिये सिर्फ एक ही दवा है। उसके देनेमे तुम बहुत जल्दी करो। नहीं, जहाँ आज इसकी शादी हुई और यह हमेशाके लिये हाथसे गयी। समझे? इसलिये जबरदस्ती भागीदनका जुलाब पिलाकर

तुरन्त निकाही गोलियाँ खिला दो। खानेमे जरा हिच-किचायेगी; मगर तुम समझदार आदमी हो। सब सम्हाल लेना। देखो, जल्दी करो। जाओ, इसे फुलवाड़ीमे ले जाकर जरा टहलाओ। और फौरन दवाइयाँ दो। तबतक मैं मुन्शी लालचबख्शके साथ बाते कर रहा हूँ।

दिल०—अच्छा आइये, आप इधर मेरे मोढ़ेपर बैठ जाइये।

(टरैं खाँ झावेपर बैठता है और शबनम और दिलदार बाहर जाते हैं)

लाल०—क्यों जनाब, यह आपने कौन-सी दवाइयोंका नाम लिया ? मैंने तो इनको कभी सुना ही नहीं।

ट०—ये दवाइयाँ खास मेरे नाना जानकी ईजाद की हुई हैं। जी हाँ, पेटेण्ट हैं—पेटेण्ट। मरते वक्त तरकेमे उन्होंने यही तो एक चीज छोड़ी है मेरे लिये।

लाल०—भला आपने कभी ऐसी गुस्ताखी देखी है ?

ट०—जनाब, वह नयी रोशनीकी गर्मी है। एक तो औरते यों ही कमअकिल, दूसरे नयी रोशनीकी जरा आँच जो लगी, बस इनसे उबल पड़ी। और वन, टू, थ्री हो गयी।

(जंजालका झाड़ू लिये हुए आना)

ज०—अरे ओ मूण्डीकाटे ! अरे ओ निगोड़े ! तेरी दाढ़ीमें आग लग जाय। कहाँ गया वह हरामी हकीम ?

ट०—अररर ! यह हरामजादी पागलखानेसे कैसे छूट गयी ? कौन है तू, क्या चाहती है ?

ज०—क्यों रे निपूते हरामी, जान लेनेके लिये अपने बापके साथ भेजा था ? नासकाटा, खूनी, कस्साई !

ट०—यह पगली कौन है ? निकालो इसको अभी ।

लाल०—हकीम साहब, इस बेचारीको अच्छा कीजिये ।

ट०—बिना फीसके ? हर्गिज नहीं ।

ज०—ले मूण्डीकाटे, मैं देती हूँ फीस !

(जञ्जाल झाड़ू तानके मारने दौड़ती है, टर्रें खाँ झाबेपरसे उठके भागता है, वैसे ही खूसटबेग झाबा लिये खड़ा हो जाता है)

चौ०—अरे ! मेरा "उस्तुखुद्दूस !"

लाल०—अररर ! यह क्या ?

खूसट०—(टर्रेंखाँको पकड़कर) क्यों बे बदमाशोंका जमादार, हकीम बना हुआ है ? कहाँ गया तेरा असिस्टेण्ट दिलदार ?

लाल०—अरे गजब ! दिलदार ? जिसको मैं अपने मुहल्लेमें नहीं आने देता था, वही ?

खूसट०—जी हाँ, वही इसका शागिर्द बना हुआ है । और शबनमको यहाँसे साफ उड़ा ले गया ।

लाल०—पकड़ो—पकड़ो, लोगो ! दौड़ो। कहाँ गयी शबनम ? कहाँ है वह हरामजादा दिलदार ?

(बौड़मका जाना)

हाय ! गजब ! कोई जल्दी जाओ थानेपर। कोतवाल साहबको खबर कर दो। थानेदारको बुलाओ। सिपाही-को लाओ। मैं इस पाजीको अभी-अभी जेलखाने भिज-वाता हूँ।

(चरकट और बौड़मका आना)

बौ०—हजूर, शबनम और दिलदारका कहीं पता नहीं है।

लाल०—अरे भाई, जल्दी स्टेशनपर जाओ। चौराहों-पर जाओ।

(चरकट और बौड़मका जाना)

लूसट०—(रोता है) हाय ! हाय ! दिलदार ले गया। हाय ! मैं अभी पुलिसको लाता हूँ और इस हरामजादे बदमाशको फाँसीपर चढ़वाता हूँ। (जाता है)

ट०—अब मालूम होता है कि हकीमीसे भी बड़ा कोई ओहदा मुझे मिलनेवाला है।

ज०—क्यों मेरे मियाँ, क्या तुम्हें लोग फाँसी दिल-वायेंगे ?

ट०—देख तो रही हो बीवी।

ज०—अगर तुमने कुछ लकड़ियाँ काटके रख छोड़ी होतीं, तो कुछ दिनोंके लिये तसल्ली तो होती मुझे !

ट०—जा भाग। जलेपर नमक छिड़क रही है, कम्बख्त !

ज०—नहीं, मैं यहाँपर तुम्हारी मौततक हिम्मत दिलाती रहूँगी। जबतक फाँसीपर न चढ़ लोगे, तबतक मैं नहीं टलनेकी।

ट०—हाय ! अब मुझे मालूम हुआ, कि जितना ही ओहदा बड़ा होता है, उतनी ही ज्यादा उसमे जान खतरेमें होती है। (लालचबख्शसे हाथ जोड़कर) मुझे अच्छी तरह मार-पीटकर यह मामला तय नही कर सकते ?

ज०—नही, बस पुलिस तय करेगी।

ट०—तब तो इन्शाअल्ला हड्डी-पसली सब दुरुस्त हो जायेगी।

(शबनम और दिलदारका आना)

दिल०—जनाब, जिसको कि आपने अपने घर और मुहल्लेसे निकाल दिया था और जिसके कब्जेमें अभी आपकी लड़की थी और जो अगर चाहता तो अबतक उससे निकाह कर लेता, वही आपकी लड़की आपको

सही-सलामत लौटाता है। और अपने सब कसूरोंकी माफी माँगता हुआ मैं आपसे यह अर्ज करता हूँ कि अभी मुझे खबर लगी है, कि मेरे चाचा मर गये और मुझे अपनी तमाम जायदादका वारिस बना गये। इसलिये मैं हाथ जोड़कर आपसे मिन्नत करता हूँ, कि अब आप शबनमको अपने हाथसे मुझको दें।

ट०—(अलग) फरमाया चाचा सादीने, यह बातें करता है या कसीदा पढ़ रहा है?

(चरकट और बौड़मका आना)

च०—अभी-अभी मुझको खबर लगी है हजूर, कि खूसटबेगपर बीस हजारकी डिग्री हो गयी।

लाल०—बेटा दिलदार, तुम्हारी शराफतसे मेरी तबीयत बहुत खुश हुई और खुशी-खुशी शबनमका हाथ तुम्हारे हाथमे देता हूँ। तुम दोनों खुश रहो, आबाद रहो। फलो फूलो, हर आफत से बचो।

शब०—आमीन। आमीन।

दिलदार०—जनाब हकीम टर्रे खाँ साहब! यह सब आपकी बदौलत हुआ। इसलिये इस खुशीमें आपको बहुत कुछ दूँगा।

ट०—कुछ नहीं, बस मैं यही चाहता हूँ, कि मुझे आप

लोग सचमुच हकीम बना दीजिये। यही मेरे लिये बहुत है।

लाल०—क्यों जनाब, आप हकीम नहीं हैं तो हैं आप किस मर्जकी दवा ?

ट०—ऐसी बेढब बीमारी अच्छी करनेपर भी फिर आप पूछते हैं कि मैं कौन हूँ ? और बीबी, खबरदार, आज-से मेरे ओहदेके मुताबिक तुझे मेरी इज्ज़त करनी पड़ेगी।

(खूसटबेग पुलिसको लेकर आता है)

लाल०—हाय ! हाय ! यह कौनसी आफत आ गयी।

थानेदार०—आपकी लड़कीको दिलदार नामका बद-माश भगा ले गया है ? क्यों जनाब ?

लाल०—किस हरामजादेने आपसे यह कहा ? मालूम होता है किसी बदमाशने मेरी इज्ज़त लेनेके लिये यह झूठी खबर उड़ायी है।

च०—जी हाँ, झूठी खबर।

चौ०—झूठी खबर। महज इज्जत लेनेके लिये।

लाल०—दिलदार तो मेरा सगा दामाद है। उससे तो मेरी लड़कीकी अभी-अभी शादी हुई है।

खूसट—हाय ! हाय ! यह क्या गजब हो गया ?

थाने०—(खूसटबेगसे) क्यों जी, तुमने यह झूठी रिपोर्ट क्यों लिखायी और पुलिसको फजूल तकलीफ दी ?

ट०—और एक शरीफ आदमीकी इज्जत ली ? अब कहो बच्चा, जेलखाने भिजवाऊँ ?

खूसट—नहीं साहब, झूठी रिपोर्ट नहीं है।

थाने०—चुप बदमाश कहींका, अभी तुझको दफा १८२ में चालान करता हूं।

लाल०—और हतकइज्जतीका मुकदमा मैं चलाऊँगा।

खूसट—अरे बाप रे!

बौ०—कहो दोस्त "उस्तुखुद्दूस"।

च०—उर्फ "चुगतबेनजीर"।

लाल०—आइये, थानेदार साहब! आइये, मेरी लड़कीकी शादीकी खुशीमें आप भी शरीक जलसा होइये। कोई जाओ, नाचनेवालियोंको बुलाओ, ताकि कोई अङ्गरेजी चीज गाकर जलसेका रंग दुबाला करे।

थाने०—देखो जी सिपाहियो, इस बुड्ढे खूसटबेगको बाँध लो, ताकि भागने न पाये। सुबह चालान करेंगे।

बौ०—(खूसटबेगसे) कहो दोस्त, बुढ़ापेमें औरतकी बड़ी जरूरत होती है। क्यों ?

(नाचनेवालियोंका आना और गाना)

When tender young virgins look pale and complain
You may send for a dozen great doctors in vain;

मार मारकर हकीम

All give their opinion and pocket their fees,
Each writes her a cure, though all miss her disease.
Powders drops,
Juleps, slops,
A cargo of poison from physical shops,
Though they physic to death the unhappy poor maid,
What's that to the doctor since he must be paid ?
Would you know how you may manage her right ?
Our doctor has brought you a nostrum to night.
Never vary
Nor miscarry
If the lover be but the apothecary. (Fielding)

आँखोंमें धूल

(Moliere's L' Amour Medecin)

यह फ्रांसीसी प्रहसन पहले पहल १६६५ की १५ वीं सितम्बरको "वारसेल्स" और फिर उसी महीनेकी बाईस तारीखको 'पैलेस रोआयल'मे खेला गया। डाक्टरी विद्या॰ की हालत वास्तवमें उन दिनों ठीक न थी। और मोलियरने इसमे वही बुराइयाँ दिखायी थीं,जो उस वक्त सबको मालूम थी। कुछ लोग कहते हैं, कि एक दफे एक वेवकूफ डाक्टरने मोलियरसे उनकी बीमारीमें बहुतसे रुपये ठग लिये थे, जिसकी कसर इस प्रहसनमे निकाली है Sganarelle (गोबर चन्द) का पार्ट मोलियर खुद ही किया करते थे।

मैंने इसका भावानुवाद १९१२ में किया और उसी साल यह इन्दुमे प्रकाशित हुआ। परन्तु उस समय इसपर हिन्दुस्तानी कलई ठीक नही चढ़ी थी। इसलिये दूसरी दफे इसपर फिर नये सिरेसे घुटाई हुई है। दृश्योंकी काट-छाँटके साथ इसका असली भावतक साफ उड़ा दिया

गया है। सिर्फ इसका आधार लेकर उसमें कुछ अपना मसाला मिलाकर इसे हिन्दुस्तानी साँचेमें ढालनेकी कोशिश की गयी है। उम्मीद है, कि खुश-मिजाज पाठक पहलेसे अब इसमें जमीन-आस्मानका फर्क पायेंगे और मेरी पहली ग़लतियोंको माफ करेंगे।

गोंडा
दिसम्बर—१६१६

जी० पी० श्रीवास्तव

आँखोंमें धूल

पात्र	पात्री
१, गोबरचन्द—केतकीका बाप।	१, केतकी—गोबरचन्द की लड़की।
२, मोहन—केतकीका चाहनेवाला।	२, चञ्चल—केतकीकी सहेली।

३, टेसू—गोबरचन्द्का नौकर।

४, घौंकलदास—गहना बेचनेवाला।

५, पचकौड़ी मल—तस्वीरोंका सौदागर।

६, निहालचन्द—गोबरचन्द्का भतीजा।

७, शैतान अली—डाक्टर।

८, जल्लादराय—डाक्टर।

९, ज़ुलाबहुसेन—हकीम।

१०, होड़पचन्द्र चाण्डाल—बंगाली होमियोपैथिक डाक्टर

११, उपासानन्द—वैद्य।

१२, सोहन।

१३, मदन।

१४, बजरंग।

आँखोंमें धूल

प्रथम अङ्क

पहला दृश्य

(गोबरचन्दका मकान)

(गोबरचन्द, चौंकलदास, पचकौड़ीमल, निहालचन्द, टेसू)

गोबर०—हात ! तेरी जिन्दगीकी ऐसी तैसी। जब देखो, मुसीबत ही मुसीबत। और वह भी कम्बख्त अकेले नहीं आती। जब आती है तब ढेरों आती है। हाय ! मेरी एक ही बीबी थी। वह एक जमाना हुआ, मर गयी।

पच०—तो आपको कितनी दरकार थी ?

गोबर०—अरे भाई, वह तो मर गयी। क्या कहूँ, जब ख्याल करता हूँ, तो आँखोंमे आँसू आ जाते हैं।

टेसू०—(अलग) मारे डरके।

गोबर०—उसकी चाल-ढालसे तो मेरे नाकों दम

था। जबतक वह जीती रही, हर घड़ी लड़ाई हुआ करती थी। वह मर गयी, अब रोता हूँ। अगर जीती होती, तो अब भी हम दोनों मारपीट करते। लड़के तो दरजनों हुए।

टसू०—(अलग) सालभरमें तीन-तीनके हिसाबसे।

गोबर०—मगर अब ईश्वरकी कृपासे एक ही लड़की रह गई है। वह भी मेरी जानकी आफत है; क्योंकि न तो वह किसीसे हँसती है और न बोलती है। हमेशा रंजमें डूबी रहती है। मालूम ही नहीं, क्यों ? मैं हैरान हूँ ! क्या करूँ, क्या न करूँ ! (निहालचन्दकी तरफ) तुम मेरे भतीजे हो। (सोहनकी ओर) तुम मेरे पड़ोसी हो। (सेठ और मलकी तरफ) आप लोग मेरे दोस्त हैं।

टसू०—और मैं आपका सगा नौकर हूँ।

गोबर०—भाइयो ! ईश्वरके लिये कोई सलाह बताओ।

घों०—जदी मेरेको पूछो ओ तो भाई मेरी शमभमे जेई आवे ऐ, कि लला लुगाई शुशरी गेहणोंईशे खुश होय ऐं। हमनने अपनी जोरुआको जाई तरेशे राजी राखी ऐ। वो रांड तो भौत बकें भके ऐ। छे छे फीटकी जूतीशे बात करे ऐ। लला भूठी नाई कहे ऐं। जे देखो चान्द शुशरो गंजो हो गओ। परन्त जहाँ पीतलकी एक हँशुली ला दीन्हीं और कह्यो शेणो ऐ शेणो। तहाँ शुशरी भइया-

भइया मोको कहेण लागे ऐ। बश-वश गेहणो दो लला वाको गेहणो। शमजे ?

टेसू०—वाह जी धौंकलदास वाह ! नीमकी पत्तियाँ बहुत खा गये आज।

पच०—भई, अगर मैं आपकी जगहपर होता तो अच्छी-अच्छी तस्वीरें लाकर उसके कमरेको सजा देता. जिनकी वजहसे उसका दिल बहलता रहता।

सोहन—मेरी राय तो यह है, कि इन सब झगड़ोंको छोड़िये। उसकी शादी वहीं कर दीजिये, जहाँ लगी हुई है।

निहाल०—ना ना ना, कही ऐसा कीजियेगा भी नही। देखते नही, वह कैसी मरीजसी है ? चलना-फिरना तो ऐसे ही भारू है। शादी करके अपने सरपर हत्याकी गठरी बाँधियेगा ? लड़का होते ही वह बच नहीं सकती।

टेसू०—(अलग) और मेरी राय यह है, कि उसे किसी टापूके भरतीवालेके हवाले कर दीजिये। वह बेखटके चराईपर भेज देगा। बस, झगड़ा पाक हो।

गोवर०—हूँ। सलाहे तो सब बहुत नेक हैं, लेकिन कोई मतलबसे खाली नहीं। सेठजी, तुम तो करते हो गहनोका कारबार। तुम तो चाहोगे ही कि किसी सूरतसे

मेरा गहना बिके। और भइया पचकौड़ीमल, तुम्हारी तो तस्वीरोंकी दूकान है। तब तुम ऐसा क्यों न कहो ? (सोहनको तरफ) और जिसके साथ इसकी शादी लगी हुई है, वह है तुम्हारे चचाका लड़का। तुम्हारे मनमे तो यही है कि मेरा सब धन लूटकर अपने चचाका घर भरो। और मेरे प्यारे भतीजे साहब! क्या मजेसे तुम मेरी जायदादके मालिक बनना चाहते हो। मैं खुद ही उसकी शादी नहीं करूँगा। मगर इसलिये नहीं कि मेरी दौलत तुमको मिले। (अलग) वाहरी मतलबकी दुनिया! कैसी सफाईसे आँखों मे धूल झोंकती है।

टेसू—आखिर मेरी ही राय पक्की निकली।

चाहे दोजखमें जाये या बहिश्तमे, हमें तो हलुआ-रोटीसे काम।

टेसू—(फीस देकर अलग) मियाँकी जूती मियाँके सर। खैर, आठ ही निकले। बाकी रकम बक्स तोड़नेके मिहनतानेमे जमा कर ली।

डाकृर—(रुपया लेकर अलग) कैसी आँखोंमे धूल झोंकी है!

टेसू—(अलग) कैसी आँखोंमें धूल झोंकी है!

पांचवां दृश्य

गोबरचन्दका मकान

(गोबरचन्द अकेला)

गोबर०—ईश्वरने कान क्यों दिये हैं? सिर्फ अपने मतलबकी बात सुननेके लिये। नहीं, तो दुनियामे रहना मुश्किल है। लड़की मेरी, मगर उसकी शादीकी फिकिर तमाम मुहल्लेवालोंको सताये है। अगर शादी करूँ तो रुपयेके रुपये दूँ और लड़कीसे भी हाथ धोऊँ। और खासकर इस जमानेमे जब नौकरोंको मिर्चके भर्त्तेवाले

एक सिरेसे चर गये। पाला-पोसा, बड़ा किया मैंने और अब वह किसी लायक हुई तो फायदा उठाये कोई और। ऐसा गोबरचन्द बेवकूफ नहीं है कि अपना घर पानीमें करके दूसरेके घरमे रोशनी पहुँचाये। ईश्वर सलामत रखे, हिन्दुस्तानी साहब और मेम साहबोंको, जिन्होंने लड़कों-लड़कियोंकी शादीका बोझ उनके माँ-बापके सरसे अलग कर दिया और शादीकी उमर बड़ी लम्बी तान दी। जमाने-की धारा अपने मतलबकी जो पायी, चट इस झगड़ेके गट्ठर-को फेंक, मैं इस झँझटसे दूर भागा। हुँ! रुपया जमा किया है अपने लिये या किसीके बापके लिये? रुपया भी अपने पास ही रखूँगा और लड़की भी।

(चञ्चल बेतहाशा दौड़ती हुई आती है और गोबरचन्दको जानकर नहीं देखती और बड़ी देरतक स्टेजपर इधर-उधर परेशानीमें दौड़ती है)

चञ्चल—हाय! हाय! कैसी आफत आ गयी। हाय! बेचारे गोबरचन्द! अरे! तुम कहाँ मिलोगे? तुम्हें मैं कैसे बताऊँ?

गोबर०—(अलग) आयँ! यह क्या कह रही है?

चञ्चल—(दौड़ती हुई) हाय अभागे गोबरचन्द! हाय बदनसीब बाप! तुम्हें यह कैसे सुनाऊँ?

गोबर०—(अलग) क्या हुआ क्या?

चञ्चल—हाय ! प्यारी बहन !

गोबर०—अरे, मैं बरबाद हो गया !

चञ्चल—(दौड़ती हुई) हाय !

गोबर०—(अब चञ्चलके पीछे दौड़ता है) चञ्चल ! ओ चञ्चल !

चञ्चल—इतनी बड़ी मुसीबत !

गोबर०—(उसके पीछे दौड़ता हुआ) चञ्चल !

चञ्चल—बलाकी आफत !

गोबर०—चञ्चल !

चञ्चल—बाप रे बाप ! ऐसा अन्धेर !

गोबर०—चञ्चल !

चञ्चल—हाय रे बदनसीबी !

गोबर०—चञ्चल ! चञ्चल ! चञ्चल !

(दोनों दौड़ते-दौड़ते टकराते हैं और गोबरचन्द गिर पड़ता है)

चंचल—हाय !

गोबर०—क्या है क्या ?

चंचल—उफ ! बाप रे बाप !

गोबर०—अरे बोल, बोल, मामला क्या है ?

चंचल—आपकी लड़की।

गोबर०—(रोता है) हाय ! हाय !

चंचल—ईश्वरके लिये इस तरहसे न रोइये, नहीं तो मैं हँस पड़ूँगी।

गोवर०—तो बता जल्दी।

चंचल—आपकी बातोंसे और आपके गुस्सेसे आपकी लड़कीके दिलपर बड़ा ही रञ्ज पहुँचा। वह रोती हुई अपने कमरेमें चली गयी और दरियाकी तरफवाली खिड़की खोलकर—

गोवर०—तब—तब?

चंचल—और आसमानकी ओर देखकर बोली—"नहीं नहीं, मैं अपने लालाजीको गुस्सा दिलाके जिन्दा नहीं रह सकती। और जब वह घरसे मुझे निकालते हैं तो मेरा मरना ही अच्छा है।" यह कहकर—

गोवर०—और दरियामे कूद पड़ी। हाय! हाय!—

चंचल—ठहरिये, ठहरिये, अभी न रोइये। उसने धीरेसे खिड़की बन्द कर दी और चुपचाप पलंगपर लेट गयी। फिर तो वह वेतरह फूट-फूटके रोयी। बस, एक-बारगी पीली पड़ गयी। आँखें ऊपरको चढ़ गयीं। दिल-का धड़कना बन्द हो गया। और वह मेरी गोदमें—

गोवर०—मर गयी? हाय प्यारी मेरी लड़की!

चंचल—अभी नहीं। खूब झकझोरनेसे उसके हाथ-पैर

फिर हिलने लगे। जरा-जरा अभी दम है। लेकिन शामतक वह बच नहीं सकती।

गोबर०—टेसू! टेसू! टेसू!

(टेसूका आना)

गोबर०—जल्दी जाओ और डाकृर साहबको बुला लाओ। हाय मेरी प्यारी केतकी! इकलौती लड़की!

टेसू—(अलग) यह न बताया कि किस डाकृरको लाऊँ। मुझे क्या? जितने हकीम, डाकृर, वैद्य मिलेंगे, सबको बुला लाऊँगा।

पहला दृश्य

गोबरचन्दका मकान

(गोबरचन्द और चञ्चल)

चञ्चल—क्यों जनाब, भला यह चार-चार* डाकृर क्या होंगे? क्या एक, किसीको मार डालनेके लिये काफी नहीं है ?

गोबर०—चुप रह, तू नहीं जानती। एककी रायसे चारकी राय अच्छी होती है।

चञ्चल—क्या आपकी लड़की बिना इन लोगोंकी मददके अपने आप नहीं मर सकती ?

गोबर०—क्या ये लोग आदमियोंको मार डालते हैं ?

चञ्चल—और नहीं तो क्या करते हैं? मैं एक आदमी-को जानती हूँ जो बड़े-बड़े सबूतोंसे साबित कर सकता

* मौलियरका यह छींटा फ्रांसके राजदरबारके डाक्टरोंके ऊपर था।

है कि फलाने न तो हैजेसे मरे और न तपेदिकसे, बल्कि पाँच डाक्टरों और छः हकीमोंकी वजहसे।

गोवर०—तुमसे पूछता कौन है? चल यहाँसे। बड़ी राय देनेवाली आयी है।

चञ्चल—देखिये, मेरी बिल्ली कोठेपरसे गिर पड़ी थी। तीन दिनतक चुपचाप पड़ी रही। फिर अपने आप अच्छी हो गयी। धन्य ईश्वर! बिल्लियोंमें कोई डाक्टर नहीं, नहीं तो वह कबकी चल बसी होती और चीर-फाड़के बराबर कर दी गयी होती।

गोवर०—तू जायेगी यहाँसे कि नहीं? बड़-बड़ किये जा रही है। जबान कहीं रुकती ही नहीं। बस, चली जा चुपचाप यहाँसे। (अलग) यह मेरे मुहल्लेकी लड़कियोंकी हालत है। अगर बचपनहीसे इन लोगोंको डाँटमें न रखता चला आता तो अबतक—

चञ्चल—वह लीजिये, वह जहन्नुमके सब भतोंवाले पहुँच गये। दौड़िये दौड़िये, रुपयोंसे जेब भर दीजिये। खूब खातिर कीजिये। अच्छी तरहसे भर पाइयेगा। डाक्टर साहब अंगरेजीकी टाँग तोड़ेंगे, हकीम साहब फारसीको हलाल करेंगे और वैद्यजी संस्कृतका श्राद्ध करेंगे और सबके कहनेका मतलब यही होगा कि लड़की आपकी अच्छी नहीं है।

(जल्लादराय, जुलाबहुसेन, होड़पचन्द्र चाण्डाल और उपासानन्दका आना)

गोबर०—आइये डाक्टर जल्लादराय, इसपर बैठिये। मिस्टर होड़पचन्द्र चाण्डाल, यह कुर्सी लीजिये। उपासानन्दजी, इधर आ जाते तो अच्छा था। जुलाबहुसेन साहब, उधर तकलीफ होगी आपको।

डाकृर—हम लोगोंने मरीज़ाको देखा। इसमें कोई शक नहीं है कि आपकी लड़की बहुत खराब है, उसमें बहुत गन्दगी और नापाकी है।

गोबर०—आयँ! मेरी लड़की खराब है, गन्दी है, नापाक है!

डाक्टर—हमारा बोलनेका मतलब यह है, कि उसका खून खराब हो गया है। और—

गोबर०—ओह! अब समझा। अब समझा।

चञ्चल—(अलग) बलिहारी है इस जबानकी ऐंठनपर। कहें कुछ और समझमें आये कुछ।

डाक्टर—हम लोग अभी आपसमें Consultation करना माँगता है।

चञ्चल—(गोबरचन्दसे) लीजिये, अब आप खिसकिये यहाँसे।

गोबर०—टेसू, ओ टेसू!

(इस आवाजसे ऊंघते हुए होड़पचन्दर चौंककर कुर्सीसे गिर पड़ते हैं और वैद्यजी घबड़ाकर दूर भागते है)

(टेसूका आना)

टेसू—हाँ हाँ, कुर्सी तोड़ डाली ?

डाक्टर—वेल मिस्टर चाण्डाल, क्या हुआ, क्या ?

होड़प०—होम शोमजा माँ जी आगिया ।

गोबर०—क्या आँधी !

होड़प०—ना हमको Wife

गोवर०—क्या वह भी डाक्टरी करती हैं ?

टेसू— (अलग) जी हाँ, इनकी खोपड़ीकी ।

जुलाव०—क्या आप लोग अपनी मादरी जबानमें Wife को माँजी कहते हैं ?

होड़प०—बाबा चाकर लोक एई रोकम बोलता है । तारपोरे होमशाला बेटा भी वोइ माफिक बोलने शका ।

चञ्चल—अच्छा ! डाक्टर बाबू आप हैं ?

गोबर०—तुम इन्हें कैसे जानती हो ?

चञ्चल—(अलग) भला कोई यमराजको भी नहीं जानता ? (प्रकट) आपहीने तो मेरी चचीके मरनेमे बड़ी मदद की थी ।

टेसू—(अलग) क्यों नहीं ? जहन्नुमकी आबादी बढ़ानेका ठेका ले रखा है ।

होड़प०—क्यों वह कोचवान किस माफिक है ?

च०—बहुत अच्छा है। आपकी दोआसे मर भी गया।

होड़प०—मोर गया ?

चञ्चल—जी।

होड़प०—नहीं, इस माफिक नहीं होने शकता।

चञ्चल—यह तो नहीं जानती कि किस माफिक होने सकता है और किस माफिक नहीं होने सकता, मगर इतना मालूम है कि वह मर गया।

होड़प०—झूठा बात बोलता है।

चञ्चल—अजी जनाब! कहना मानिये। वह मर गया और जला भी दिया गया।

होड़प०—तुमको धोखा हुआ है।

चञ्चल—मैंने इन्हीं आँखोंसे देखा है।

टेसू—(अलग) हूँ हूँ, बिना ऐनकके देखा होगा, तब भला कहाँ सही हो सकता है ?

होड़प०—ऐशा बात किश माफिक हो शकता है। जब हमारा होमी पैथी किताब बोलता है कि इश बीमारीसे बीश रोजमें मोरता है, तो वह बीचमें किश वास्ते मोर गया ? उसने भारी गोलती किया।

गोबर०—अरे आप भी किसके मुँह लगे हैं ? (चञ्चलसे)

चलो, यहाँसे चलो। कै दफे कहूँ। जबसे दिमाग खाये हुए हो।

उपासानन्द–ओहो! टेसू—ऊ तुम हो—ओ। कहो तुम्हारे चचाका–क्या हाल है—ऐं?

टेसू—इन्तकाल हो गया।

उपासा०—(हँसकर) अजी, उस ओषधिका प्रभाव ही...ई...ऐसा है—ऐ। जाको दीन्हीं– ई...वाको इन्त-काल हा! हा! हा!

चञ्चल—बलिहारी है! इन्तकालके माने खूब समझे।

गोवर०—अच्छा, तो आप लोग सलाह करके जल्दी राय कायम कर लीजिये। गो फीसके पहले देनेका कायदा नहीं है। मगर—

(सब जल्दीसे हाथ फैलाकर) अजी इसकी क्या जरूरत थी?

(फीस ले-लेकर सब अजीब तरहका मुँह बनाते हैं। चञ्चल, टेसू और गोवरचन्द जाते हैं। सब डाक्टर लोग बैठकर खाँसते हैं। उसके बाद वैद्यजी, बंगाली बाबू अपनी-अपनी कुर्सियोंपर ऊँघते हैं)

हकीम—जनाब डाक्टर साहब, आहा हा! क्या अच्छा कहा है! खूब कहा है। हस्बहाल कहा है। लाजवाब कहा है—

डाक्टर—जी हाँ, बिलकुल मुँहतोड़ कहा है। मगर कहा क्या है, यह तो बोलना माँगिये।

हकीम—एक फारसीके शायरने शेर कहा है, जिसका मतलब यह है कि एक मुसब्बिर था जिसने अपना काम छोड़कर तबाबत अख्तियार की। लोगोंने जब इसकी वजह पूछी तो फरमाया कि तस्वीरमें अगर कोई नुक्स पड़ जाता था तो सबकी उँगलियाँ उठती थीं। मगर इस पेशेमें गलती हो जाती है तो मेरे ऐबको मिट्टी छिपा लेती है।

डाकृर—Exactly

हकीम—क्योंकि बे-ऐब जात खुदाकी है या फिर हमारी है।

डाकृर—और हमारे काममें ऐब कौन निकाल सकता है ? कोई-कोई अगर कुछ बोलनेका हिम्मत करता है तो वह हमारा एल० एम० एस० का डिगरी देखकर घबड़ा जाता है। वह समझता है कि हम Licensed Man Slayer है।

हकीम—अजी, हम लोग तो अल्ला मियाँके काममें उनका हाथ बँटाते हैं ; बल्कि यों कहिये कि उन्होंने अपना मातमी काम हमी लोगोंपर छोड़ रखा है।

डाकृर—और हमारा क्या कहना है ? हम तो मलकुल मौतका Assistant है।

हकीम—और मुझको आप कम जानते है ? मेरे नाम तो मलकुलमौतने अपना असल मुख्तारनामा ही लिख दिया है।

डाक्टर—अच्छा, यह तो बताइये कि आपके यहाँ जो कुछ यूनानी हकीम लोग बोल गया है, आप उसको मानता है न ?

हकीम—बसरोचश्म ! वल्ला ! लफ्ज-ब-लफ्ज मानता हूँ। मुझसे मरीजसे क्या सरोकार ? मरे या भाड़में जाये। मैं तो वही करूँगा, जो हुक्मा अपने दस्त मुबारकसे लिख गये हैं। चाहे वह नुकसानदेह हो या फायदेमन्द।

डाक्टर—क्या बात बोला है आपने हकीम साहब ? मान गया, हम मान गया। हमेशा हम सबको कायदेसे ही चलना चाहिये। मुर्दा चाहे घरमें पड़ा हो या हमारे आनेके पहले मर गया हो, बिना फीस लिये कभी न लौटे। हम जानता है कि बीमारको इस वक्त यह दवा देनेसे नुकसान है या नश्तर लगानेसे जान निकल जायेगा। कुछ परवाह नही। उल्टा काम नही कर सकता कभी।

हकीम—बस बस बस, यही हालत बन्देकी भी है

जनाब! देखते हैं कि मरीज अजहद कमजोर हो गया है और जुलाब देनेसे वह बच नहीं सकता। लेकिन हमको इससे क्या? हम तो कायदेके पाबन्द हैं। किताबोंमें लिखा है कि जुलाब दो, हमारा क्या खर्च होता है? एक नहीं, दस दफे दें। एक जगह मैं गया था। एक हकीम साहब पहले से ही वहाँ तशरीफ रखते थे। जनाब, बस इन्हीं मामलोंपर मेरी उनसे बहस छिड़ गयी। घण्टों हो गये। जानता था कि जो कुछ मैं कहता हूँ, वह मरीजको नुकसानदेह है, मगर भला मैं अपनी बातपर जुम्बिश करनेवाला? लाहौल बिलाकूवत। जमीं टलद् जमाँ टलद्, मगर जुलाब हुसेन नमी टलद्। मरीजको हालत अबतर होती जाती थी। मगर बन्दा बहस करता ही गया। बखुदा आठ घण्टे कामिल हो गये। बहस नही खतम हुई, मगर मरीज खतम हो गया*।

डाक्टर—Bravo! Bravo! खूब किया। जनाब मुर्दा तो मुर्दा, मगर कायदेमे जहाँ एक दफे भी गोलमाल हुआ, वह हमेशाके लिये खराब हो गया।

(गोबरचन्दका घबड़ाये हुए आना)

* मौलियरका यह इशारा Cardinal be Mazarin की मौत-की तरफ है।

गोवर०—कहिये-कहिये, आप लोगोंने क्या राय कायम की ? और जल्दी बताइये, लड़कीका हाल बुरा हो रहा है।

डाक्टर—(हकीमसे) आप बोलिये।

हकीम—बेखुश भला आपकी मौजूदगीमें मैं पहले कहीं जबान हिला सकता हूँ ?

डाक्टर—O Goodness ! आप तो बहुत ज्यादा तकल्लुफ करता है।

हकीम—नहीं नहीं, पहले आपहीका फरमाना ठीक है।

डाक्टर—शुरू भी कीजिये।

हकीम—हाँ, कह चलिये।

डाक्टर—जनाब।

हकीम—जनाब।

गोवर०—हाय ! हाय ! तकल्लुफको छोड़िये भी। देखिये, लड़कीका दम निकल रहा है।

(डाक्टर, हकीम, वैद्य, बगाली डा० सब एक साथ बोलते हैं)

डाक्टर—आपका लड़कीका बीमारी खूनका खराबी और—

हकीम—हम सब लोगोंकी राय यूनानी हकीमोंकी रायसे इत्तफाक करती—

वैद्य—हमारे—विचारमे तो—ओ इसे—ए—

होड़प०—ओशल बात होम बोलता है। किछु गोल-माल नहीं। शोब—

गोबर०—हायँ! हायँ! हुल्लड़ न मचाइये। एक-एक करके बोलिये, जिसमें कुछ समझमें तो आये।

डाक्टर—Well यह Disease खूनका गर्मीसे पैदा होता है। इसलिये हमारा राय यह है कि इसके रोगीको नश्तर देकर थोड़ा-थोड़ा खून निकाल देना चाहिये।

हकीम—बकौल यूनानी हकीमोंके ऐसी हालत मेदेकी खराबीसे जहूरमें आती है। बिना पन्द्रह मुसहिल दिये मर्ज नहीं जा सकता।

डाक्टर—नहीं नहीं, जुलाब देनेसे कुछ फायदा नहीं होने सकता।

हकीम—और मैं कहता हूँ कि नश्तर देना मौतका सबब होगा।

डा०— Nonsense! हकीम इस बीमारीको क्या जाने?

हकीम—और जनाब, आपको तो नब्ज देखने तककी तमीज नहीं है।

डाक्टर—Well! भूल गया? अभी कल तो आपने उस आदमीका जान लिया है।

हकीम—अपना कहिये हजरत ! अभी सुबहहीको तो आपने उस औरतको मलकुलमौतके हवाले किया है।

डाकृर—(गोबरचन्दसे) हम अपना राय आपको बोल दिया।

हकीम—(गोबरचन्दसे) मैंने आपको असल माजरेसे आगाह कर दिया।

डाक्टर—अगर लड़कीको नश्तर नहीं दिया जायेगा तो उसको आप मरा हुआ समझें। जरूर। (जाता है)

हकीम—जनाब, अगर जरा भी उसका खून बहाया गया, तो वह आध ही घण्टेके अन्दर राहेअदमको रवाना हो जायेगी।

गो०—किसको मानूं और किसको न मानूं ? डाकृर हकीमकी रायको उलटा समझते हैं और हकीम डाक्टरकी बातको गलत बताते हैं (वैद्य और बङ्गाली डाक्टरकी तरफ) जनाब, अब आपही लोगोंका भरोसा है। कुछ राह बताइये। मगर हाथ जोड़ता हूँ, गुस्सेको रोके रहियेगा।

वैद्य—(हर एक लफ्जपर रुक-रुककर और उनको खींच-खींच कर कहता है) ऐसी दशामे—ए मनुष्यको—ओ सोच-विचार करना उचित है—ऐ। यतः किञ्चित् भूलसे—बड़ी—ई बड़ी—ई आपत्ति प्रायः उत्पन्न हो जाती है—ऐ।

होड़प०—(बड़ी जल्दी-जल्दी बोलता है। ठीक समझमें नहीं आता) शोबशे पोहिले होम खूब विचार कोरेगा। बीमारीको भालो कोरे बूझेगा। अभी दू तीन दिन छूड़ दीजिये। बीमारी बोढ़ेगा तोबे शोमजमे समझ आ जायेगा।

गोबर०—(अलग) पहला तो कछुयेकी तरह रेंगता है और दूसरा बेलाइनक्लियरके पंजाबमेल छोड़ता है।

वैद्य—जहाँ शरीरमें—एं कछु क्लेश हो—ओ तहाँ तुरन्त ही—ई—अन्न छोड़ देना चाहिये—ए। कितना—आ ही बड़ा रोग हो—ओ परन्तु एकाई—ईस उपास करनेसे रोग भूसी हो जाता है—ऐ भूसी—ई। हमारे विचारमे—एं तो उपाससे अधिकतर उत्तम को-ई ओषधि नहीं। जबतक पक्की बनानेके लिये—ए कछु रुपया दीजिये।

गोबर०—अजी वैद्य उपासानन्दजी, अगर उपास करते-करते टें हो गयी?

वैद्य—मृत्यु हो गयी—ई तो इससे क्या—आ? वैद्यकके ग्रन्थों—ओंके विरुद्ध तो कोई—ई कार्य नहीं—ईं हम कर सकते—ए।

होड़प०—उपाशशे नहीं होने शकता। होम एकोनाइट देता है। उशशे बीमारी बोढ़ेगा। तोबे खूब भालो कोरे बीमारीको पहचानने शोकेगा। बूझा? एखुनी किश माफिक

मालूम हो कि "नक्सवामिका" दे कि "ब्रैनिया" दे। तैरो दिन अभी छूड़ दोजिये। बीमारी खूब बोढ़ने दीजिये।

गोवर०—अगर बीमारी बढ़ते-वढ़ते उसका दम निकल गया तो ?

होड़प०—शे भालो। कोआयदा तो भंग नही हुआ। वश डाक्टरी कोआयदाके माफिक जदि मिरतु हो जाय शे बेश। किन्तु कोआयदाके खिलाफ काज कोरनेशे जदि प्रान बेंचे जाये शे बड़ो खोराव।

वैद्य – हमने—ए अपना विचार सत्य-सत्य प्रकट कर दिया—आ।

होड़प०—जो हम बोला शेई भालो। बूझा ?

गोबर०—(वैद्यसे रुक-रुककर) मैं आपको—ओ बहुत धन्यवाद देता हूँ—ऊ। (होड़पचन्दरसे उन्हींकी तरह जल्दी-जल्दी) जाइये अपाने घोर बीमारी बोढ़ाइये। बोन्दगी।

(वद्य और होड़पचन्दर जाते हैं)

मर्ज बढ़ता गया ज्यों-ज्यों दवा की। अफसोस! इन डाक्टरोंने जान और घपलेमें डाल दी। अब क्या करूँ ? किससे पूछूँ ? किसको रायसे काम करूँ ?...एक वात सूझी। इश्तहारी दवाएँ सब बीमारियोंमे काम देती हैं। बस-बस, यही ठीक है।

बाजार

(एक दवा बेचनेवाला गाता हुआ घूमता है)

❀ गाना ❀

दवा बेचनेवाला—यारो लुटा दिया कौड़ियोंके मोल। यारो० ।
चट गिरहसे दाम खोल। गोलियाँ लो गोल-गोल। यारो०।
जूड़ी हो हैजा हो प्लेगकी नानी हो।
लकवा हो खाँसी हो कैसी बीमारी हो।
बस लो यह मेरी शीशियाँ। अकसीर हैं जी गोलियाँ
जूड़ियाँ सर्दियाँ खाँसियाँ भागियाँ।

गोबर०—मियाँ, एक शीशी मेरे लिये भी निकालना।

दवा बेचनेवाला—सुना हज़रत! यह ऐसी दवा है कि इन्शाल्लाताला आपको यहाँ आनेकी फिर तकलीफ न करनी होगी।

गोबर०—ईश्वर करे, मेरा काम हो जाय भाई।

दवा बेचने०—अजी खुदा चाहेगा, तो एकही शीशीमें आपका काम तमाम हो जायेगा।

पहला दृश्य

रास्ता

(जल्लादराय, जुलाबहुसेन और शैतानअलीका टहलते हुए आना)

डाक्टर शैतान०—दुनिया भरके तमाम रोजी और पेशे पर चाहे सैकड़ों ही तबाही आ जाये तो जाये, मगर हमारे पेशेमे कभी सुस्ती नहीं पड़ सकती। इसपर अल्ला-मियाँकी खास मिहरबानी है। क्योंकि आजकल कोई चीज सस्ती है तो बीमारी, मँहगी है तो हमारी फीस और दवा-के दाम। मगर अब हमको डर है कि आप लोगोंकी बदौलत दुनियाँकी आँखोंपरसे बेवकूफीका परदा, जिसको हमने डाल रखा है, हटनेवाला है। अगर आप लोग इस तरहसे एक दूसरेकी गलतियाँ पकड़ते रहे, नुक्ताचीनी करते रहे, तो हमारी असलियत लोगोंपर जाहिर हो जायेगी। और मुरदे जो बेचारे बराबर हमारी गलतियाँ ओढ़के चुपचाप

सो जाते हैं वे करवटें बदलकर हमारी बेवकूफियाँ हमारे सरपर फेंकने लगेंगे। फिर लोग यह जान जायेंगे कि वे हमको रुपया अपनी भलाईकी उम्मीदमें नहीं; बल्कि बतौर अपनी बेवकूफीके टैक्सके देते रहे। हमें अपने लिये फिक्र नहीं। डाक्टर शैतानअली ऐसा कच्चा काम नहीं करते। जिसकी उँगली पकड़ी, उसको सरसे पैरतक निचोड़ डाला। जब बाकी कुछ भी नहीं रहा, तब उसको आराम-की नींदमें सुला दिया। समझे जनाब? सिर्फ हमीं ऐसे नहीं हैं, जो इन्सानकी कमजोरीपर अपनी दौलतका झण्डा बुलन्द करते हैं। बल्कि सारी दुनिया एक दूसरेकी आँखों-में धूल झोंकती है और हजार-हजार शुक्र उस परवरदिगार-का है, जिसने इन्सानकी सबसे बड़ी कमजोरी मौतका डर और जानकी मुहब्बत रखी है और उससे फायदा उठानेका खास ठेका हमको और आप लोगोंको मिला है। फिर क्या? दुनियाकी आँखोंमें दोनों हाथोंसे धूल झोंकिये और अपना मतलब निकालिये।

जल्लाद०—Of course! डाक्टर शैतान अली, Of course! मगर इस Case में हम अपने खून निकालनेकी रायको नहीं बदल सकता।

डाक्टर शैतान०—आइये हकीम जुलाबहुसेन साहब!

गुस्सा थूकिये और आप दोनों साहब मिल जाइये। आपका काम हमेशा लड़नेसे नही चल सकता।

(टेसूका आना)

जुलाब०—सिर्फ डाकृर जल्लादरायकी खून निकालनेवाली रायको मैं नहीं मान सकता। और बाकी मुझे बसरोचश्म मंजूर है। मैं हमेशा आपकी रायसे इत्तफ़ाक करूँगा और हर मामलेमे पहलू व पहलू चलूँगा। मगर आपको भी हमेशा मेरी रायकी ताईद करनी पड़ेगी।

टेसू—(अलग) जी हाँ, बहुत दुरुस्त! वे अपनी रायकी तरफ झुकें और ये अपनी तरफ तने। तब जरूर मिलाप होगा। (प्रकट) अजी डाकृर साहब, आप लोग यहाँ क्या लेक्चरबाजी कर रहे हैं? दीनदुनियाकी भी कुछ खबर है? अभी-अभी आपके पेशेमें बड़ी भारी डकैती पड़ गयी है? चलिये, चलिये, उसको सम्भालिये?

जल्लाद०—क्या हुआ क्या?

टेसू—एक बदमाशने बिना हकीमी या डाकृरी लाइसेन्स हासिल किये हुए आप लोगोंके पेशेको छीन लिया है।

हकीम—वल्लाह!

जल्लाद०—कैसे?

टेसू—उसने अभी एक आदमीको कलेजेमे छुरी भोंक के मार डाला। जी हाँ। न नुसखेका झगड़ा रखा न दवा का बखेड़ा! और चुटकियोंमे काम तमाम कर दिया।

जल्लाद०—I see, I see, तुम हमपर हँसता है।

(दोनों डाक्टर और हकीम जाते हैं)

टेसू—सुबहसे शामतक दौड़ते ही बीता। मगर शादीका सारा इन्तजाम बड़ी खूबसूरतीसे हो गया। क्यों न होता? चञ्चल तो बलाकी औरत है, जो न कर दे, थोड़ा है। महल्लेवालोंको हाथमें कर हो लिया है। बारात भी आ ही चुकी समझना चाहिये। अब देर क्या है? कुछ भी नहीं। सिर्फ दूल्हेके हाथमें दुलहिनका हाथ देना और गोबरचन्दकी आँखोंमे धूल झोंकना। वह लीजिये। दूल्हे साहब तो यहाँ मटरगश्ती कर रहे हैं।

(मोहनका आना)

मोहन—अहाहा! टेसू!

टेसू—कौन आप हैं? मुहब्बतके महकमेके केण्डिडेट (Candidate)? कहिये हजरत; आप रहे कहाँ? आपकी खोजमें तमाम जहन्नुमका जहन्नुम छान डाला, मगर आपका पता न पाया।

मोहन—अरे भाई, मैं तो इसी गलीमें तेलीसे बैलकी तरह बराबर चक्कर लगाता रहा।

टेसू—आहा ! मुझे इसकी क्या खबर थी कि आप काञ्जी हाउसमें मिलेंगे । खैर, मिल गये । बड़ी बात हुई । बस, चले चलिये अभी ।

मोहन—मगर भई, देख तो ज़रा मेरी तरफ । डाक्टर-के रूपमे हूँ न ! अगर कोई कसर हो तो बता दे, ठीक कर लूँ ।

टेसू—वाह, क्या कहना है ! बूआ मौतके सगे नाती मालूम होते हैं ।

दूसरा दृश्य

गोबरचन्दका मकान

(गोबरचन्द टहलता है और चञ्चल हँसती हुई आती है)

चञ्चल—अहाहा हा ! ओहोहो हो !

गोबर०—ऐं !

चञ्चल—ही ही ही ही !

गोवर०—ऐं ! ऐं !

चञ्चल—ऊ हु हु हु !

गोवर०—ऐं ! ऐं ! ऐं !

चञ्चल—आ ख ख ख ख !

गोबर०—अरे ! इसे क्या हो गया ?

चञ्चल—अजी जनाब, हँसिये हँसिये । आप भी हँसिये । अहाहा हा !

गोबर०—क्यों ? क्यों ?

चञ्चल—हँसिये हँसिये । मैं तो कहती हूँ ।

गोबर०—पहिले बताओ किसलिए ? तब शायद मैं हँसूँ ।

चञ्चल—नहीं, मैं चाहती हूँ कि पहिले आप हँसें । तब इसके बाद में आपको इसकी वजह बताऊँ ।

गोवर०—मगर क्यों ?

चञ्चल—क्योंकि मैं कहती हूँ ।

गोबर०—अच्छा, ओहोहोहो ! ओहोहो ! मगर धत् तेरीकी ! मैं भी कैसा बेवकूफ हूँ जो बिना हँसीके हँसने लगा । बस बस, अब नहीं हँसूंगा ।

चञ्चल—अच्छा तो खुश होइये ।

गोवर०—बता तो सही, किस तरहसे ?

चञ्चल—गाइये बजाइये नाचिये । और नाचना तो नयी रोशनीका नमूना है ।

गोवर०—सच कहना, तब तो मैं हमेशा खुश होनेकी जगह नाचा ही करूँगा। अभी लो, टिली लि लि लि लि लि लि लि लि लि।

(नाचता है)

(टेसूका आना)

टेसू—वाह! वाह! ताकधिनाधिन! ताकधिनाधिन! ओहोहो!

गोबर०—अबे तू यहाँ क्या करने आया?

टेसू—भालूका नाच देखने।

चञ्चल—बस, अब आपकी लड़की अच्छी हो गयी।

गोबर०—मेरी लड़की अच्छी हो गयी?

चञ्चल—मैंने एक डाक्टरको बुलाया है। वह ऐसे काबिल हैं, ऐसे लायक हैं कि न तो कभी ऐसा डाक्टर आपने देखा होगा और न सुना होगा।

गोबर०—सचमुच इतने काबिल हैं?

चञ्चल०—क्या कहने हैं? मलकुलमौतके एडीकांग हैं वह।

टेसू—जुलावहुसेन सिर्फ मलकुलमौतके मुख्तारेआम थे और जल्लादराय असिस्टेण्ट, मगर ये सबके चचा निकले।

गोबर०—कहाँ हैं कहाँ?

चञ्चल—अभी लिये आती हूँ ।

(चञ्चलका जाना)

गोबर०—(स्वगत) देखें, ये क्या करते हैं ?

टसू—(अलग) आपकी आँखोंमें धूल झोंकेंगे।

गोबर०—(स्वगत) मर्ज जाता है या नहीं ।

टेसू—(अलग) खातिर जमा रखिये, मय मरीजके गायब होगा ।

(मोहन और चञ्चलका आना)

टेसू—यह लीजिये, आ गये डाक्टर साहब।

गोबर०—अयँ ! न दाढ़ी न मोंछ ! और मोंछें हैं भी वह कितनी छोटी!

टेसू—जी हाँ, बचकाने हैं। अभी बच्चोंकीही बीमारी-के लायक हैं ।

चञ्चल—अय ! वाह ! लियाकत क्या कहीं दाढ़ीसे नापी जाती है ?

गोबर०—कहिये डाक्टर साहब, मैंने सुना है कि आप बीमारी खूब अच्छी करते हैं।

मोहन—जी हाँ, यह मेसमेरिजम (Mesmerism) के जोरसे। इसके सामने कोई बीमारी ठहर नहीं सकती ।

टेसू—बस, यही कमी रह गयी थी, वह भी पूरी हो गयी।

मोहन—न तो मैं किसी किस्मकी दवा देता हूँ और न चीरफाड़ करता हूँ। बस, सिर्फ नजरोंसे, बातोंसे, और मुस्कुराहटसे अच्छा कर देता हूँ।

चञ्चल—मैंने कहा था न?

मोहन—(गोबरचन्दकी नब्ज देखता है) उफ् ओ! आपकी लड़कीको साढ़े गसलीस डिगरीका बुखार है।

गोबर०—आपको कैसे मालूम हुआ?

मोहन—आपकी नब्जसे; क्योंकि बाप और बेटीमें एक ही खून दौड़ता है।

चञ्चल—चलिये डाक्टर साहब, केतकीको देख लीजिये।

(मोहन और चञ्चलका जाना)

टेसू—(गोबरचन्दकी तरफ इशारा करके) गाड़ी निकल गयी, हत्था खड़ा रह गया।

गोबर०—क्यों टेसू, तुम कुछ समझे?

टेसू—समझूँ क्या समझनेवालेकी ही तो मौत है?

गोबर०—आखिर यह डाक्टर करेंगे क्या?

टेसू—मैं तो जानता हूँ, नजरबन्दीका तमाशा।

गोवर०—मालूम होता है कि तुमने मेसमेरिजमकी डाक्टरी नहीं देखी है।

टेसू—सुना तो है कि इसमें लड़की उड़ती है। खैर, आज आँखोंसे देखूँगा कि किस तरह लड़की उड़ायी जाती है।

(नेपथ्यमें बाजा बजता है)

गोबर०—अरे टेसू! देखो तो यह बाहर बाजा कैसा बजता है?

टेसू—(देखकर आता है) ओहो! आपके घर बारात आयी है!

(मोहनका आना)

मोहन—हाँ हाँ,बारात आयी है। अभी आगे न पूछिये। आप न घबड़ायें, यह बारातका झमेला सिर्फ बीमारीको भगानेके लिये किया गया है। मैंने आपकी लड़कीको देखा। सिर्फ दिमागके खराब होनेसे इसे यह बीमारी हुई है और उसका दिमाग शादीके वाहियात ख्यालातमें हर-वक्त डूबे रहनेकी वजहसे बिगड़ा है। मेरी रायमें शादी दुनियाँभरकी खराबियोंकी जड़ है। इससे बढ़कर खराब और वाहियात कोई दूसरी चीज है ही नहीं।

गोबर०—(अलग) बेशक बेशक, यह डाक्टर बहुत लायक हैं।

मोहन—मैं खुद शादीको एकदम नापसन्द करता हूँ। यहाँतक कि अगर मुझसे कोई शादी करनेके लिये कहे तो उसके मुँहपर तड़ाकसे तमाचा मार दूँ।

गोबर०—(अलग) वाह! वाह! क्या अच्छा आदमी है!

मोहन—लेकिन लड़की बच नहीं सकती। शादीका ख्याल उसके दिमागमें इस तरहसे भरा है कि उसका दम सिर्फ अब शादीके ही नामपर अटका है। यह हालत देखते ही फौरन मैंने दिलासा देना शुरू किया कि आज तुम्हारी शादी है-सच न समझियेगा आप। झूठ-मूठ महज बहाना—हाँ, और कहा कि तुम्हारे यहाँ बारात आयी है। चंचल भी बोली कि मैं भी इसी सिलसिलेमें मेहमान आयी हूँ। इन बातोंसे उसकी हालत कुछ सम्हलने लगी। मगर उसे पूरे तौरसे यकीन नहीं आया। इसलिये चंचलकी मददसे बाजे वगैरहका फौरन इन्तजाम हो गया। कुछ आदमी बाराती बनाकर दरवाजेपर बुलवा भी लिये गये।

टेसू—(अलग) बस, समझनेवालेकी मौत है।

गोबर०—वाह! वाह! यह धोखेकी टट्टी अच्छी खड़ी की।

टेसू—(अलग) जी हां, पक्के शिकारी ऐसा ही करते हैं।

गोबर०—और औरतोंकी अक्ल ही कितनी बड़ी। मोमकी नाक जिधर चाहो उधर घुमा दो।

(चञ्चलका आना)

चंचल—डाक्टर साहब, सारी मिहनत बरबाद गयी! उसकी सम्हली हुई हालत फिर बिगड़ चली।

मोहन—उफ़! मालूम होता है कि वह भी शादीके बहानेको झूठ समझ गयी। अब कुछ नहीं हो सकता। बस, कफ़न जल्दी मँगवाइये।

गोबर०—काहेके लिये?

मोहन—आपकी लड़कीको कफनाकर फूँक देनेके लिये।

गोबर०—नहीं नहीं, मेरी लड़कीको अच्छा कीजिये, जनाब! हाय! मेरी पढ़ी-लिखी लड़की बी० ए० पास कर लेगी तो डेढ़ सौ रुपये माहवार कमायेगी।

चंचल—दूल्हा न होनेकी वजहसे जमा-जमाया रङ्ग उखड़ गया।

मोहन—तो सिर्फ अब दूल्हेकी कमी है? अगर मैं जानता कि नौबत यहाँतक पहुँचेगी, तो इसका भी इन्त-जाम हो जाता।

टेसू—कहिये तो किरायेपर कोई दूल्हा बुलवा लिया जाए।

गोबर०—किरायेपर मिल जायगा?

चंचल—डाक्टर साहब, हाथ जोड़ती हूँ। मुश्किल आसान कीजिये। दो घड़ीके लिये आप ही दूल्हा बन जाइये।

गोबर०—हाँ हाँ, ठीक है। मैं भी हाथ जोड़ता हूँ। मेरे डेढ़ सौ रुपये माहवार ग़ायब हो जायँगे, मैं लुट जाऊँगा, तबाह हो जाऊँगा।

मोहन—नहीं, नहीं, मैं शादीके नामसे बहुत चिढ़ता हूँ। मैं झूठ-मूठ भी शादी नहीं कर सकता।

गोबर०—बस, आप थोड़ी देरके लिये दूल्हा बन जाइये। लड़की किसी तरह अच्छी हो जाय। वह इस झूठ-मूठकी शादीको किसी तरहसे असली समझे।

टेसू—समझनेवालेकी मौत है।

मोहन—अच्छा, फर्ज कीजिये, कि मैं इस नक़ली शादीका थोड़ी देरके लिये दूल्हा बन गया। मगर वह

ऐसा समझे तब तो ? क्योंकि उसने अभी मुझे डाक्टरकी सूरतमें देखा है।

चंचल—यह तो मैं उसे समझा दूँगी कि यह सूरत नकली है। यह स्वाँग सिर्फ इसलिये रचा गया है, कि किसी तरहसे तुम्हारे लालाकी आँखोंमें धूल झोंककर तुम्हारी शादी कर दी जाय।

गोबर०—ब ब...बस, बहुत ठीक। इतनेमेंही उखड़ा हुआ रङ्ग फिर जम जायगा।

टेसू—समझनेवालेकी मौत है।

गोबर०—बल्कि उससे मेरी बहुत बुराई करना।

चंचल—मैं ऐसी खरी-खरी सुनाऊँगी—

गोबर०—हाँ, कि वह समझने लगे कि मेरी सचमुच शादी होती है। बस बस, तो डाक्टर साहब, चले चलिये (चञ्चलसे) मेरी खूब बुराई करना उससे। समझी ?

[चञ्चल, मोहन और गोबरचन्दका जाना]

टेसू—हो सके तो गालियाँ भी देना। और अगर मारने-पीटनेकी जरूरत पड़े तो मुझे जरूर मददके लिये बुला भेजना। जबतक मैं यहाँ दण्ड पेलता हूँ।

(धौकलदासका आना)

धौकल०—अरे ओ टेसुआ, लड़किनीको व्याह तो लला गोबरचन्दने कहीनों, परन्त मेरी गेहुणोकी बिक्री वाके हाथ कछू ना भई। जे बड़ो अचरजकी बात!

टेसू—ओ टेसुआके भतीजे, जरा ठहर जाना दो बैठक और लगा लूँ.. हाँ, देखो तो यार, मेरे हाथोंमे कितनी ताकत आयी! कुश्ती लड़नेके लिये गर्दनमें हाथ लगाता है।

धौकल०—हाँ हाँ, जे का करतु ऐ? (दोनों लड़ते हुए जाते है

तीसरा दृश्य

गोबरचन्दके मकानका दूसरा हिस्सा

[मोहन, केतकी, गोबर और बरातियोंकी महफिल]

सहेलियोंका गाना

सहेलियाँ—शादीकी खुशियाली है सब आली गाये मुबारकबादी।
युग-युग जीये दूल्हा दूल्हिन हो मुबारक यह शादी॥
हां हां सखियाँ मगल गाओ मिल मिल कर सब सग!
सुहाना बना है अजब रङ्ग।
यारोंने खूब निकाला यह ढङ्ग।

सजनी आओ रङ्ग जमाओ, मन लुभाओ, नाचो छनना
छूम छुमक छूम! छुमक छूम, । छनना । छूम छूम छूम!

गोबर०—नकल भी कैसी है कि असलको भी नीचा दिखा दिया।

टेसू—समझनेवालेकी मौत है।

गोबर—(अलग) लड़की तो भली-चङ्गी हो गयी। मगर इस धोखेकी टट्टीको थोड़ी देर और कायम रखना चाहिये, ताकि वह पूरी तरहसे अच्छी हो जाय। मगर वाह! मेसमेरिजम भी क्या चीज़ है! न दवा करो, न नुसख़ा बँधाओ और बीमारी मुफ्तमें अच्छी। (प्रकट) मेरी लड़की केतकी! अब तेरी शादी हो गयी।

टेसू—लीजिये, नयी रोशनीकी लालटेन ही बुझ गयी।

गोबर०—आओ बेटी केतकी और आओ बेटा—

टेसू—नाम पूछ लीजिये।

गोबर०—नाम क्या है? ख़ैर, बेटा डाक्टर वल्द ना मालूम, तुम्हारे हाथमें इस लड़कीका हाथ देता हूँ। जितने मेरी दाढ़ीमें बाल हैं, उतने बरसतक तुम दोनों दूल्हा दुल्हिन आबाद रहो।

चञ्चल—दाढ़ी जो बीचहीमे मुड़ गयी?

टेसू—तो नयी रोशनीकी लालटेन फिर टिमटिमायगी।

चञ्चल—कहीं कुछ दहेज़का ज़िकिर है?

गोबर०—(अलग) झूठमूठकी शादीमें दहेज कैसा?

चञ्चल—झूठमूठमे भी घबराहट? (अलग) अगर अपनी सारी दौलत लड़कीके दहेज़में नहीं देंगे तो अभी भण्डा फोड़े देती हूँ।

गोबर०—ठहर-ठहर। मैं अपनी सारी दौलत इस दहेज़ में देता हूँ (चञ्चलसे) बस, यही बात है न?

चञ्चल—बारातियो! सुन लो। गवाह रहना।

गोबर—अरे लड़की तो अच्छी हो गयी। अब ईश्वरके लिये इन झमेलोंको रुख़सत भी करो।

चञ्चल—बहुत अच्छा; रुख़सत भी किये देती हूँ।

टेसू—समझनेवालेकी मौत है।

[केतकी, चञ्चल और मोहनका जाना, उनके साथ-साथ सहेलियोंका भी गाते हुए जाना]

गाना

सहेलियाँ—बलिहारी! बलिहारी! बलिहारियाँ!

गौने चलो अब दुल्हनियाँ सगमें वाको है साँवलियाँ।

सास ससुरकी प्यारी बनो। सइयाँकी अपने दुलारी बनो।

गोबर०—जबतक हैं दाढ़ीमें बाल।

सहेलियाँ—जाँए हम सब बारि बारियाँ। बलिहारी—

गोबर०—टेसू, झटपट एक नाई तो बुला ला। दाढ़ी

जल्दी घुटवा डालूँ। ताकि बात रह जाय और इस तमाम बनावटी झगड़ेपर उल्टा उस्तरा फिर जाय!

टेसू—खातिर जमा रखिये। दाढ़ी योंही मुड़ी हुई है। यारोंने खूब हजामत बनायी है।

एक बाराती—क्यों भाइयो, हम लोग यों ही सूखें?

दूसरा—खानेको अभीतक किसीने भी नहीं पूछा।

गोबर०—मनके लड्डू खाइये। ख्याली पुलाव उड़ाइये।

तीसरा—वाह! वाह! शादी भी हुई, रुखसती भी हुई। मगर बारातियोंकी खबर किसीने नहीं ली।

गोबर०—जिस किस्मकी शादी उसी किस्मका खाना!

टेसू—समझनेवालेकी मौत है।

[एक आदमीका आना]

आदमी—चलो बारातियो, लड़केवालेकी तरफसे ज्योनार तैयार है। झटपट दावत उड़ाकर आप लोग भी घर चलें। दूल्हा-दुलहिन तो रवाना हो गये।

(धौंकलदासका आना)

गोबर०—अररररर! यह क्या मामला हो गया? अरी चञ्चल! ओ चञ्चल! अरी केतकी—

धौंकल०—अजी काहेको शोर मचाओ हो। लड़किनीको ब्याह करके रुखसत कह्यीनी। अब मेरी आँखनमें

धूल भोंकनको गला फाड़ो हो। चलो, चलो रहन दो जी। हमनने यह चाल शब शीख राखी है। शमझे ?

टेसू—जी हाँ शादी हो गयी। रुखसती हो गयी। तो आपके बापका क्या ?

गोबर०—आयँ आयँ! अबे क्या बकता है? किस हरामजादेने शादी की और रुखसती की ?

टेसू—अजी आपने।

बाराती—आपने हजरत, आपने।

धौंकल०—तोमनने जी, तोमनने।

बाराती—अपनी सारी दौलत भी दहेजमें दे डाली।

धौंकल०—दे डाली? वाह! वाह! मेरो कलेजा ठण्डो हो गवो। जा मनहूसशे दौलत निकल गयी। बड़ो अच्छी भवो।

गोबर०—झूठ झूठ झूठ। (दौड़ता है) अरे ओ केतकी! ओ केतकी हाय! कोई नहीं बोलता ?

बाराती—बोले कौन? वह तो अपनी ससुराल, मोहन-के घर, पहुँच गयी होगी।

गोबर०—अरे! गजब! हाय! कम्बख्त आँखोंमे धूल झोंक गया? पुलिस पुलिस! पकड़ो उसको—मोहनको। हाय! अब समझा।

टेसू—बस, समझनेवालेकी मौत है। मैं तो पहलेसे ही कहता था।

गाना

सब०—धूल ! धूल ! धूल ! आँखोंमें धूल-धूल-धूल।
वह सारी चालाकी जो थी इनमें बाकी। वह यारोंके चकमेंमें गए सब
भूल भूल—आँखोंमें धूल धूल धूल धूल !
धोखेकी टट्टीमें खेलो शिकार। धूलोंकी आँखोंमें छोड़ो बौछार।
गोवर०—पुलिसकी करता हूँ अभी पुकार। (धौंकल) जाओ दो कर
लो ज़ी शम्रो करार। धूल ! धूल—

हवाई डाक्टर

हवाई डाक्टर

(Moliere's Le Medecin volant)

मोलियरने पहले पहल कई एक छोटे-छोटे प्रहसन लिखे थे। उनमेंसे इस समय कुल दोका पता चलता है।

1. La Jalousie du Barbouille और

2. Le Medecin Volant. यह दूसरा प्रहसन है, जिसके आधारपर 'हवाई डाक्टर' लिखा गया है। पहले पहल यह पेरिसमें १८ अप्रैल सन् १६५६ में खेला गया था, जिसमें मौलियरने Sganarelle (गोबरचन्द) का पार्ट किया था।

यह प्रहसन हिन्दीमें सन् १९१४ में लिखा गया और उसी साल 'इन्दु' में प्रकाशित हुआ।

गोंडा
दिसम्बर, १९१६ } जी० पी० श्रीवास्तव

पात्र

गोबरचन्द – एक बूढ़ा अमीर।

दिलपसन्द—एक नवयुवक।

घनचक्कर – दिलपसन्दका नौकर।

टेसू – गोबरचन्दका नौकर

पात्री

नयना—गोबरचन्दकी भतीजी।

बयना – नयनाकी बहन।

हवाई डाक्टर

पहला दृश्य

गोबरचन्दका मकान

(नयना और बयना)

बयना—गरीबी फिर भी भली। रूखी सूखी खाते हैं, मगर मजेमें तो रहते हैं। देखो, नयना, हम तुम सगी बहिनें हैं। मैं अपने पापाके यहाँ रही और तुम्हे चचा गोबरचन्दने अपनी बेटीकी जगहपर पाला पोसा। मैं गरीबकी गरीब ही रही और तुम अब अमीर हुई। मगर जो मैं रुपयोंकी मोहताज हूँ, तो तुम सुखके लिये तरसती हो। कहनेको तुम्हारे पास दौलत है, मगर कौड़ी-कौड़ीको मोहताज हो। आग लगे ऐसे रुपयेपर जो दुःखमे काम न

आये; बल्कि मुसीबतको घटानेके बदले और बढ़ाये—और रोज एक-न-एक नयी आफत लाये।

नयना—प्यारी बहिन, हम औरतोंकी किस्मतको विधाताने एक ही साँचेमें ढाला है। चाहे कोई गरीब हो या अमीर; मगर शादीके मामलेमें दोनों एक-सी हैं। माना कि तुम गरीब हो, खूबसूरत हो, सुडौल हो, होशियार हो, नखशिखसे दुरुस्त हो, पढ़ी-लिखी हो। मगर क्या अपनी शादीके मामलेमें अपनी जबान हिला सकती हो? क्यों बहिन! बोलो।

बयना—सच पूछो तो बहिन, औरतोंको जबान ही नहीं होती; क्योंकि वह जबान ही क्या कि जो न खानेके लिये हो, न हिलानेके लिये हो। सिर्फ एक नामके लिये हो। मगर हमको इसकी जरूरत ही कब पड़ती है? और हमारे पास है ही क्या? न रुपये, न दौलत। सिर्फ एक अकेली जान है—और इतनेके लिये कोई अधमरा बुड्ढा हमारी किस्मतको न बिगाड़ेगा।

नयना—तो क्या बुड्ढोंके साथ शादी होनेमें ही किस्मत बिगड़ती है?

बयना—हाँ, क्योंकि अगर ये लोग हमारा ख्याल छोड़ दें, तो जवानोंका साथ जवानोंसे हो।

नयना—तो क्या इससे मतलब यह है कि शादीमें सिर्फ उम्रका ख्याल करना चाहिये ?

बयना—और हैसियत।

नयना—अच्छा, अगर ऐसा है, तो यह बताओ कि अगर तुम्हारी शादी तुम्हारी हैसियतके मुताबिक किसी नौजवानसे हो, तो तुम्हें कोई उज्र तो न होगा।

बयना—मेरी समझमें कोई भी नहीं।

नयना—अरी नादान ! अभी आदमियोंकी पहचान कहाँ ? अभी तो निरी कली हो। बागकी हवा लगेगी तो गुल खिलेगा। आपसे आप बुरे-भलेकी पहचान हो जायगी।

बयना—अहाहा ! अब तो कबूला अपने मुँहसे तुमने। यह इशारा मैं खूब समझती हूँ। साफ-साफ क्यों नहीं कहती कि इस बुड्ढेसे शादी न करूँगी ? क्योंकि मैं दिल-पसन्दको चाहती—

नयना—चुप, तुझे बातें बनानी खूब आती है।

बयना—अगर दिलपसन्दको नहीं चाहती हो, अच्छी बात है; क्योंकि कल उसकी शादी मेरे गाँवमे होगी।

नयना—किसकी ! किसकी ! दिलपसन्दकी ! नहीं ऐसा नही हो सकता। किसके साथ ?

बयना—अब रङ्ग लायी गिलहरी। ऐ! है! तुम्हारी बलासे, किसीके साथ हो।

नयना—चलो, हटो मेरे सामनेसे। मुझे सतानेके लिये आयी हो तुम?

[बाहरसे आवाज़ आती है—दरवाजा खोलो]

बयना—हाँ हाँ, जल्दी लेट जाओ। और हाथ-पैर पटको चचा आ रहे हैं। कोई डाक्टर भी साथ लाये हैं, मालूम होता है।

नयना—(लेटकर) हैं! हैं! यह तूने कौनसी खबर सुनायी। मैं सचमुच बीमार हुई जाती हूँ। कल अगर वह शादी होगी, तो मेरी भी मौत है।

बयना—तो फिर बुड्ढा कल किसके साथ शादी करेगा? क्योंकि कल तुम्हारी भी शादी है।

नयना—मेरी लाशके साथ। (पर्देका गिरना)

रास्ता

(दिलपसन्द और धनचक्कर)

दिल०—अगर इस वक्त कही मेरे मनका कोई डाक्टर मिल जाये तो सारा खेल बन जाये।

घन०—अगर इस वक्त मेरी जोरू मिल जावे तो पूरा खाना हजम हो जाये।

दिल०—डाक्टर ढूँढ़ते-ढूँढ़ते मेरे तलवे घिस गये।

घन०—यहाँ जोरूकी फिक्र करते-करते चाँद गञ्जी हो गयी।

दिल०—इस कम्बख्त गोबरचन्दके मारे मेरा बुरा हाल है। सब तरकीबें करके हार गया, मगर नयनाको वह कहीं जाने नहीं देता। वह तो इतनी खैरियत हो गयी कि नयना झट बीमार बन गयी। मगर अब भी डर यह है कि कही गोबरचन्द इस हालतमे भी उसकी शादी उस बुड्ढे के साथ न कर दे; क्योंकि वह बुड्ढा कल ही शादी करने-पर तुला है और कहता है कि किसी सूरतसे नयनाकी शादी कर दो। बीमारी बादको अच्छी होती रहेगी। मगर

इतना इतमीनान है कि नयनाकी बहिन बयना, नयनाकी बीमारीका हाल सुनकर अपने गाँवसे चली आयी है और यह जरूर उसे अपने साथ अपने मकान ले जानेके लिये कोई-न-कोई तरकीब निकालेगी।

घन०—अपना सर। मैं बताऊँ? कहिये तो उस बुड्ढे-की नाक साफ कर दूँ। तो फिर वह कभी शादीका नाम भी न लेगा।

दिल०—नहीं, यह नहीं। तू कहींसे ऐसा डाक्टर ला, जो गोबरचन्दको यह राय दे, कि नयनाको हवाकी तबदीलीके लिये वह किसी गाँवको भेज दे, तो वह जरूर उसे उसके बापके पास भेज देगा। उधर उसका बाप नयनाकी शादी मेरे साथ करनेके लिये बिल्कुल राजी है। बस, अब किसी-न-किसी तरहसे नयना अपने बापके घर भेज दी जाय और......

घन०—गोबरचन्द यहीं रोक लिये जायँ।

दिल०—बस बस, तब तो मेरा पूरा काम चल जाय। इसलिये इसी किस्मका कोई डाक्टर ला।

घन०—अगर न मिले तो?

दिल०—तो तू डाक्टर बन और मेरा काम कर दे।

घन०—अररर! मैं डाक्टर बनूँ? मुझसे नही होगा;

कलई खुल जाये तो मारा जाऊँ, पीटा जाऊँ, पागलखाने-की हवा खाऊँ।

दिल०—मैं एक अशर्फी दूँगा।

घन०—फीस तो करारी है; मगर आता-जाता खाक पत्थर ही है, यह मालूम रहे।

दिल०—तो कोई वहाँ बीमार थोड़े ही है, जो डाक्टरी लियाकतकी जरूरत पड़ेगी?

घन०—अच्छा, कुछ परवाह नहीं, आप काबिलसे काबिल डाक्टरसे मेरा मुकाबिला करा लीजिये; अगर उससे बढ़कर और जल्दी काम न करूँ, तो मेरा नाम घन-चक्कर नहीं। आदमियोंकी जान लेनेमे ऐसी तेजी और सफाई दिखलाऊँ कि बड़े-बड़े डाक्टर भी मुँह ताकते रह जाये; क्योंकि लोग कहते हैं कि डाक्टरके आनेपर बीमारी भागती है। मगर घनचक्करका कहना यह है, कि डाक्टरके साथ बीमारी और मौत दोनों आती हैं।

दिल०—शाबास! अब देर न कर।

घन०—बस, अब पोशाक दीजिये।

दिल०—तू मेरा कोई सा सूट पहन ले।

घन०—नहीं, कोट-पतलून नही पहनूँगा। कौन घण्टे भरमें उसको पहने और उतारे। कभी पहना तो है नही।

कहीं दौड़ूँ तो नाक ही टूटे। अपना ओवरकोट दे दीजिये और एक साहबकी टोपी, बस काफी है। कौन जानता है, नीचे क्या पहने हूँ ? और एक ऐनक। फीस पहले लूँगा ; क्योंकि वही मेरा सर्टिफिकेट है।

तीसरा दृश्य

गोबरचन्दका मकान

गोबर०—हैं ! हैं ! नयना दम तोड़ रही है। बेचैनी दम-बदम बढ़ती जाती है। अभी तड़पते-तड़पते चरपाईसे गिर पड़ी। मैं समझता हूँ, कि कुछ दिनोंके लिये शादी टालनी पड़ेगी। टेसू—ओ टेसू !

(टेसूका दौड़ता हुआ आना और गोबरचन्दसे टकराना)

टेसू—अरे बाप रे बाप ! पत्थर पड़े ऐसी जल्दीपर। सर फूट गया।

गोबर०—बदतमीज बेहूदा ! कमर तोड़ डाली। इस तरहसे दौड़कर आनेकी कौन सी जरूरत थी ?

टेसू—आप ही तो कहा करते हैं कि टेसू बड़ा सुस्त है। फुर्ती उसमें हई नहीं।

गोबर०—खबरदार, जो अब इस तरहसे कभी आया।

टेसू—मुझे क्या मालूम था कि आप रास्तेमे खड़े हैं।

गोबर०—जा, डाक्टर साहबको बुला ला बहुत जल्द।

टेसू—साहब, अगर जल्दी चाहते हैं तो एक आदमी मेरे आगे भेजिये कि रास्तेपरसे सबको हटा दे। नही तो फिर किसीकी कमर या नाक टूटे तो मैं नहीं जानता।

गोबर०—अबे जाता है या नही ?

टेसू—अच्छा, जाता हूँ—हटो बचो—हटो बचो—हटो बचो। (जाता है)

(वयनाका आना)

वयना०—चचाजी। एक बड़े डाक्टर आये हैं। सीधे कलकत्तेसे चले आ रहे हैं। कहींको जा रहे थे। नयनाका हाल किसीसे सुना, बस, यहाँ उतर पड़े।

गोबर०—ओहोहो! डाक्टरोमे रहमदिली तो आज ही देखी।

वयना०—बड़े डाक्टर लोग अपने नामकी ज्यादा पर-वाह करते हैं।

गोबर०—कहाँ हैं वह?

वयना०—बैठकमें। मगर वह तो खुद ही यहाँ चले आ रहे हैं।

(घनचक्करका डाक्टरके रूपमें प्रवेश)

घन०—Good evening Mr. Gobarchand.

गोबर०—Good evening Sir.

घन०—Hullo! क्या माजरा है?

गोबर०—लड़की बीमार है।

घन०—लड़की बीमार है या आप?

गोबर०—मैं तो भला-चङ्गा हूँ।

घन——(नब्ज देखता हुआ) कौन हरामजादा आपको भला-चङ्गा बताता है? Nonsense! आपको खब्तकी बीमारी है। दिमाग फिर गया है। बहुत जल्द पागलखाने जायँगे।

(टेसूका आना)

टेसू—हटो बचो। हटो बचो। हटो बचो।

गोबर०—चुप हरामजादा। गदहा पाजी। बदमाश कहींका। इतना गुल काहेको मचाता है?

टेसू—मैं जो आ रहा हूँ, रास्ता साफ करता हुआ।

घन०—आपकी बीमारीका असर बहुत बुरा पड़ रहा है। आपके साथके रहनेवाले अगर आपके पाससे हटाये न जायँगे तो बहुत जल्द कुछ मर जायँगे और कुछ आपकी तरह पागलखाने जायँगे।

टसू—कौन (गोबरचन्दकी तरफ)? क्या आप भी पागल-खाने जायँगे।

घन०—हाँ, अभी अभी।

टेसू—(गोबरचन्दसे) तो जनाब मेरी तनख्वाह देते जाइए। और जो इनाम बाकी है वह और बखशीस, जो आपने कहा था—सब लाइये, देर न कीजिये। आपका कौन ठीक! इसीलिये मैं पहलेसे ही माँगता चला आता हूँ। मगर आप सुनते ही नही।

गोबर०—मेरी तो अक्ल ही खत हो गयी। कुछ भी मेरी समझमें नहीं आता।

टेसू—तनख्वाह, इनाम, बखशीस सब ढीले कीजिये। वाह! वाह! अच्छे वक्त आपकी अकिल खत हुई! कही इस खसीमें मेरी सालभरकी तहख्वाह न भूल जाइयेगा।

गोबर०—सालभरकी? हाय! हाय। यह जाल। फरेब!

घन०—ठहरिये, ठहरिये। आपकी बीमारी इस वक्त बड़ी तेज़ीसे बढ़ रही है। इसलिये या तो आप इन सब लोगोंको छोड़कर पागलखाने चलिये और अगर आप यही रहना चाहते हैं तो फौरन अपनी लड़कीको हटाइये। कुछ दिन आपसे अलग रहेगी। आपका असर जाता रहेगा और देहातकी हवा लगते ही भली-चङ्गी हो जायगी। नहीं तो

घण्टे आध घण्टे में वह साफ हो जायगी। और उसकी मौत आपकी ही वजहसे होगी। इसलिये खूनके इलजाममें आपके ऊपर मुकद्मा चलाया जायगा।

टेसू—और सालभरकी तनख्वाहके लिए दूसरा...।

गोबर०—हाय! चारों तरफ अंधेरा मालूम होता है!

बयना—क्यों डाक्टर साहब! आपने यह कैसे जाना कि लड़की इतनी जल्दी मर जायगी? अभी तो आपने उसे देखा ही नहीं।

घन०—इनकी हालत देखते ही सब हाल खुल गया। बीमारीकी असल वजह मालूम हो गयी। जबतक ये दोनों अलग न किये जायगे, इनका खप्त बढ़ता जायेगा और उसकी हालत खराब होती जायेगी।

बयना--तो बेहतर यही होगा कि नयनाको मैं अपने मकान ले जाऊँ और इनको यहीं रहने दूँ, ताकि इनका इलाज आप करें।

घन०—बहुत ठीक। अभी ले जाओ। जल्द ले जाओ।

बयना०—चचाजीसे तो पूछ लूँ।

गोबर०—अभी ले जाओ। फौरन ले जाओ।

घ०—और जबतक बिलकुल अच्छी न हो तबतक अलग ही रखना।

गोबर०—अलग रखना। अलग रखना।

घन०—नही तो यह पागल हो जायँगे।

टेसू०—फिर मेरी तनखाह मारी जायगी।

वयना—अच्छा लड़कीको तो देख लीजिये।

घन०—चलो, चलता हूँ।

(दोनों एक तरफ जाते हैं)

(गोवरचन्द पीछे-पीछे चलता है, मगर टेसू आगेसे रोकता है)

टेसू—उधर कहाँ, उधर कहाँ ? डाक्टर साहबने कहा है, कि आप उधर जायँगे तो पागलखाने भेजने काबिल हो जायँगे। यानी फिर मेरी तनख्वाह जरूर गायब हो जायगी। इसलिये मेरी तनख्वाहको खातिर आपको इधर चलना होगा।

चौथा दृश्य

रास्ता

(दिलपसन्द अकेला)

दिल०—ईश्वर जाने घनचक्करने क्या किया, क्या नहीं। हमे इसकी अभीतक ज़रा भी खबर नहीं। इससे और भी हमारी परेशानी बढ़ती जाती है। अहाहा! वह दौड़ता हुआ चला आ रहा है!

(घनचक्कर मामूली पोशाकमें आता है)

घन०—अखखा ! आप मिल गये ? अच्छी बात है। बस, मुँह मीठा कीजिये। देखते क्या हैं ? वह काम किया है कि किसीने न किया होगा। गोबरचन्दपर जाते ही रोब गाँठ दिया। वह मेरे चकमेमे आ गया और मुझे सचमुच डाक्टर समझने लगा। यही नहीं,मेरे कहनेसे उसने नयनाको उसके घर भेज दिया और अपनेको बीमार समझने लगा।

दिल०—वाह मेरे प्यारे घनचक्कर ! वाह ! ईश्वर तुझे सलामत रखे। अब शादी भी हो जाय तो बस। (जाता है)

(गोबरचन्दका आना)

घन०—(गोबरचन्दको बिना देखे हुए) मैंने इस कम्बख्त गोबरचन्दके जैसा उल्लू भी नहीं देखा। इतनी जल्दी मेरे चकमेमे आ गया ! (गोबरचन्दको देखकर) अ र र र र ! इस कम्बख्तको इसी वक्त आना था। अब क्या करूँ ? किधर भागूँ ? मेरी सारी डाक्टरी हुर्र हो गयी। अरे मेरे अच्छे दिमाग ! चल, मुसीबतका मुकाबिला कर और इसको एक दफे फिर अपने चकमेमे ले आ।

गोबर०—ए भाई ए ! तुम कौन हो ?

घन०—सलाम हुजूर ! मैं एक गरीब, मुसीबतका

सताया हुआ परदेशी हूँ। क्या हुजूर उन नामी डाक्टरको जानते है, जो कलकत्तेसे कल यहाँ आये हैं ?

गोवर०—हाँ हाँ, अभी-अभी तो मेरे मकानसे गये हैं।

घन०—हुजूर मैं उन्हीका सगा भाई हूँ। हम दोनो एक माँके पेटसे एक साथ पैदा हुए हैं। इसलिये हम दोनो-की शक्ल इतनी मिलती है कि हमेशा लोग धोखा खाते हैं।

गोवर०—अपने सरकी कसम, मैं खुद ही धोखा खाने-वाला था। तुम्हारा नाम क्या है ?

घन०—बेहाल। हुजूर कल मैं और डाक्टर साहब इस शहरमे आये। बदकिस्मतीसे मैं उनके दवाखानेमे गया। दो शीशियाँ दवासे भरी मेजके बिलकुल किनारेपर रखी थीं। धोखेमें मेरा हाथ लग गया। वे टूट गयीं। इसपर डाक्टर साहब एकदम आग हो गये। इतने खफा हुए कि मुझको घरसे निकाल बाहर कर दिया। अब क्या करूँ ? इस परदेशमें न कोई जाननेवाला और न पहचाननेवाला। न सँगी न साथी। अकेला मारा-मारा फिर रहा हूँ।

गोवर०—घबराओ नहीं। मैं तुम्हारे भाईसे मेल करा दूँगा। वह मेरे बड़े दोस्त है। मेरा कहना वह जरूर मानेगे। जैसे ही उनसे मुलाकात होगी, वैसे ही मैं तुम्हारी सिफारिश करूँगा।

घन०—इस गरीबपर आपकी बड़ी मिहरबानी होगी। अच्छा हुजूर, सलाम।

(घनचक्कर जाता है)

गोबर०—नयनाको कुछ दिनोंके लिये गाँवपर भेज दिया है। उसके अलग होनेसे मेरी हालत भी सम्भल गयी है और उम्मीद है, कि वह भी अच्छी हो जायगी। और—

(घनचक्करका डाक्टरके रूपमें दूसरी तरफसे प्रवेश)

घन०—जहाँ मरीजने डाक्टरका कहना न माना और बदपरहेजी करनेमें जिद की—

गोबर०—Good-morning Sir.

घन०—Good-morning Mr. Gobarchand.

गोबर०—आपसे एक दरखास्त है।

घन०—हुकुम, जो कहिये मैं करनेको तैयार हूँ।

गोबर०—अभी आपके भाईसे मुलाकात हुई थी। वह बेचारा बड़ी मुश्किलमें...

घन०—वह बड़ा आवारा और बदमाश आदमी है।

गोबर०—फिर भी तो अपना ही भाई है। अगर गलती हुई—

घन०—वह अव्वल नम्बरका शराबी है, Gobarchand.

गोबर०—कुछ भी हो, मगर आप समझदार आदमी हैं। आपको माफ करना चाहिये।

घन०—उस कम्बख़्तकी बातें छोड़िये। मुझे उसे अपना भाई कहनेमे भी शर्म है। उस बदमाशकी गुस्ताखी देखिये, कि सिफारिश करनेके लिये आपको तकलीफ दी। बस, उसका नाम मत लीजिये।

गोबर०—ईश्वरके लिये मेरी दाढ़ीकी इज्जत रखिये। मैंने उससे वादा किया है, कि मैं आपसे और उससे मेल करा दूँगा। अगर आप न मानेगे तो मेरी बात न रहेगी।

घन०—मैंने तो कसम खायी थी कि उस कम्बख्तका कभी मुँह न देखूँगा। मगर क्या करूँ, बीचमे आप पड़ गये। इसलिये महज आपकी वजहसे मैं उसे माफ करता हूँ, Mr. Gobarchand.

पाँचवाँ दृश्य

गोबरचन्दके मकानका सामना

दिलपसन्द—मुझे सपनेमें भी ख्याल न था कि घनचक्कर इतनी खूबीसे अपना काम करेगा। शाबाश! (घनचक्कर अपनी मामूली पोशाकमें आता है) वाह! मेरे प्यारे घनचक्कर! तुमने सचमुच इनाम देनेका काम किया।

घन०—हाँ, यह सब तो अच्छा हुआ, मगर सारा खेल बिगड़ ही गया था; क्योंकि गोबरचन्दने मुझे इस हालतमे देख लिया। वह तो कहिये, फौरन ही एक बात गढ़ ली; नहीं तो सब चौपट ही हुआ था! (गोबरचन्दका आना) भागिये, भागिये, वह कम्बख्त फिर आ मरा।

(दिलपसन्दका जाना)

गोबर०—तुम्हें मैं बड़ी देरसे ढूँढ़ रहा हूँ। तुम्हारे भाईसे मैं मिला था। उनसे तुम्हारे लिये बहुत कहा सुना। यहाँतक कि उन्हें तुम्हारे कसूरोंको माफ करना ही पड़ा। मगर अब मैं यह चाहता हूँ, कि तुम दोनोंका हाथ अपने सामने मिलवाऊँ। इसलिये तुम मेरे मकानके भीतर चलो, जबतक मैं उन्हें बुलाकर लाता हूँ।

घन०—मगर शायद ही वह आपसे मिलें इस वक्त। और दूसरे मैं आपके मकानमे ठहरना नही चाहता; क्योंकि मैं उनके गुस्सेसे बहुत डरता हूँ।

गोबर०—नहीं, तुमको ठहरना होगा। मैं तुम्हें तालेमें बन्द किये देता हूँ। घबराओ नहीं, मैं तुम्हे यकीन दिलाता हूँ, कि वह तुमसे जरा भी खफा न होंगे।

(गोबरचन्द घनचक्करको कोठरीमें बन्द करके जाता है)

घन०—(खिड़कीपर) अब तो पिंजड़ेमें फँसा। अब बचनेका कोई उपाय नही मालूम होता। खैर, कुछ हर्ज नहीं। गोबरचन्द घनचक्करको फाँसेंगे? अजी, ऐसे चक्करमें उन्हें डालूँ कि वह याद करे। रात अँधियाली है और घनचक्करके हथकण्डे भी बेहद टेढ़े हैं।

(घनचक्कर कूदकर भाग जाता है और टेसू आता है)

टेसू—मैं तो खाली टकराता ही था। मगर यहाँ तो लोग खिड़कियोंसे कूदते हैं। मै जरा छिपकर देखूँ, कि मामला क्या है? (छिप जाता है)

(गोबरचन्दका आना)

गोबर०—ईश्वर जाने डाक्टर साहब कहाँ गायब हो गये? तमाम छान डाला, मगर कहीं पता न पाया। (घनचक्कर डाक्टरके रूपमें आता है) अच्छा! खूब मिले आप!

अब मैं आपको थोड़ीसी तकलीफ देता हूँ; वह यह, कि आपका भाई मेरे मकानमें है। चलिये, मेरे सामने उससे हाथ मिलाइये, ताकि मेरे दिलको तसल्ली हो।

घन०—Mr. Gobarchand. आप मजाक कर रहे है क्या? मैंने माफ कर दिया, बस काफी है। अब अपने सामने हाथ मिलवानेकी क्या जरूरत है? दूसरे, मैं उसे देखना नहीं चाहता।

गोबर०—मेरी खातिर इतना और सही।

घन०—क्या कहूँ, आपकी मुरव्वतका मुझे इतना ख्याल है कि......अच्छा, उसको बाहर बुलाइये।

(गोबरचन्द दरवाजेके रास्तेसे भीतर जाता है और घनचक्कर खिड़कीके रास्तेसे भीतर घुसता है।)

गोबर—(खिड़कीपर) लो; तुम्हारे भाई साहब तुम्हारे लिये बाहर खड़े इन्तजार कर रहे हैं। उन्होंने वादा किया है कि जो कुछ बेहाल कहेगा, मैं करूँगा।

घन०—(खिड़कीपर) इतना मेरा कहना और कीजिये कि उनको यहीं भेज दीजिये। मैं यहीं अकेलेमें माँफो माँग लूँगा; क्योंकि मैं उनके मिजाजको अच्छी तरह जानता हूँ। वह मुझे बुरी तरह झिड़केंगे। इसलिये सबके सामने बाहर उनसे मिलनेके लिये मेरी हिम्मत नहीं पड़ती।

(गोबरचन्द दरवाजेसे बाहर आता है और घनचक्कर खिड़कीसे निकलता है)

गोबर०—खैर! ऐसा ही करूँगा। जनाब डाक्टर साहब! उसको बाहर आते बड़ी शर्म मालूम होती है। इसलिये वह आपको भीतर आनेके लिये मिन्नत करता है। यह दरवाजेकी चाभी है। जाइये, अकेलेमे वह माफी माँगेगा।

घन०—मैं आपकी बातको काट नही सकता। आप सुनियेगा जो-जो बाते मैं कहूँगा। (भीतर जाकर) अहा! तू यहाँ छिपा है बदमाश!—मेरे भाई! मुझे माफ कीजिये। मेरा कसूर न था।—शराबी लुंगाड़ा कहीका, और बातें बनाता है? मुन्शी गोबरचन्दको सिफारिश करनेके लिये परेशान कर डाला।—आह! मेरे भाई!—चुप बदमाश, फिर भाई-भाई कहता है और मुझे शरम आती है।—मुझसे तो अब कसूर हो ही गया।—बस बस, जबान मत लड़ा। दूर हो बदमाश!

टेसू—(गोबरचन्दके सामने आकर) आपके ख्यालमे इस वक्त आपके मकानके भीतर कौन है?

गोबर०—कौन है? डाक्टर साहब और उनका भाई बेहाल। आपसमे लड़ाई हुई थी। उसीकी इस वक्त

सफाई हो रही है। वह सुन, डाक्टर साहब बेहालको डाँट रहे हैं।

टेसू—कसम बाबा हुदहुदका। दोनों एक ही आदमी हैं। इस कोठरीके भीतर अगर एकसे ज्यादा हो तो मैं नाक कटा दूँ।

घन०—(मकानके भीतरसे) शराबी कहींका। मैं तुझे अच्छी तरहसे बताऊँगा। तेरा सारा आवारापन निकालता हूँ। कम्बख्त, तू मेरे नामको इस तरहसे बदनाम करता फिरता है! अब देखो, कैसा भीगी बिल्ली बना है! कुछ जानता ही नहीं गोया। बड़ा सीधा बन गया।

टेसू—(गोबरचन्दसे) जरा उनके भाईसे कहिये, कि तू भी खिड़कीके सामने आ। फिर देखिये, तमाशा।

गोबर०—बहुत अच्छा। जनाब डाकृर साहब! जरा अपने भाई साहबको भी खिड़कीके सामने बुलाइये।

घन०—(खिड़कीपरसे) उस कम्बख्तका मुँह देखने काबिल नहीं है। और दूसरे उसको अपनी बगलमें खड़ा करनेमे मेरी सख्त बेइज्जती होगी।

गोबर०—जनाब, जब आपने मेरी इतनी बातें मानी हैं तो एक और सही।

घन०—ईश्वर जाने आपने कौनसा जादू कर रखा है

बन्दगी। (जानेका बहाना करता है, मगर मौका पाते ही अपना ओवर कोट और हैट फेंककर खिड़कीसे फिर भीतर घुस जाता है)

गोबर०—अब जाकर ताला खोल दूँ और उस बेचारे को अपने घर जाने दूँ ; क्योंकि वह गरीब अपने कसूरोंकी काफी सजा पा चुका। उसके भाईने उसे बहुत डाँटा है। (दरवाजा खोलकर भीतर जाता है और घनचक्करके साथ, जो कि इस वक्त नौकरके रूपमें है, बाहर आता है)

घन०—हजूरको मेरी वजहसे बड़ी तकलीफ हुई। मैं इस मेहरबानीको जिन्दगी भर न भूलूँगा।

टेसू—(गोबरसे) आपके ख्यालमें इस वक्त डाक्टर साहब कहाँ हैं ?

गोबर०—वह तो घर चले गये।

टेसू—(जिसने गिरे हुए ओवरकोट और हैटको उठा लिया था) अजी जनाब ! आपके डाकृर साहब मेरी बगलमें दबे हुए हैं। ए......यह लीजिये ! यही कम्बख्त डाकृर बना हुआ था और आपको धोखा दे रहा था। जबतक इधर आप झमेलेमें फँसे हुए थे तबतक उधर आपकी भतीजी नयना-की शादी दिलपसन्दके साथ हो गयी। मैंने यह खबर एक बड़े भलेमानससे सुनी है। और यह भी मालूम हुआ है, कि यह कम्बख्त उसी दिलपसन्दका आदमी है।

गोबर०—हाय! हाय! यह क्या गजब हुआ? रह हरामजादे, एकदम तुझे ढाई बरसकी फाँसी दिलवाता हूँ।

घन०—वाह! वाह! घर बैठे मुफ़्तमें अच्छा-खासा पढ़ा-लिखा होशियार दामाद दिलवा दिया। और इस नेकीका बदला क्या ढाई बरसकी फाँसी! क्यों न हो, नेकीका जमाना है ही नहीं। अजी हजरत, अब जो हुआ सो हुआ। मगर खातिर जमा रखिये। उस बुड्ढेसे यह दिलपसन्द हजार दर्जे अच्छे हैं। रुपये तो इतने उनके पास हैं कि क्या कहना!

गोबर०—हाँ, रुपये बहुत हैं? तब ठीक है। तुम बड़े अच्छे आदमी हो।

टेसू—(अलग) क्या कहने हैं! रुपयेके नामसे कैसे जल्दी मजेमें आ गये। गोया उनके मरनेके बाद वह सब रुपये इन्हींको तरकेमें मिलेंगे।

गोबर०—भाई, तुम्हारा क्या नाम है?

घन०—घनचक्कर।

टेसू—क्या? मोछन्दर? और बापका नाम छुछून्दर? क्यों? खान्दानी है खान्दानी।

गोबर०—क्या कहा? घनचक्कर?

घन०—यानी हवाई डाक्टर।

टसू—वह लीजिये। दामाद दामादिन दोनों पहुँच गये।

(नयना, वयना और दिलपसन्दका प्रवेश)

दिल०—यह गुनहगार कसूरवार धोखेबाज आपको हाथ जोड़ता है और अपने कसूरोंकी माफी चाहता है।

गोबर०—नहीं बेटा, तुमने कोई कसूर नहीं किया। तुमको तो बेटा, ऐसा ही करना चाहिये था।

टेसू—रुपया अजब चीज है। गदहेको भी बाप बना देता है।

घन०—(दिलपसन्दसे) जनाब, देखिये तो मेरा भी ख्याल रहे। हाँ, शर्मसे कह नहीं सकता कि कुछ मतलब है। मेरी डाक्टरी फीस बहुत बाकी है।

नयना०—(वयनाका हाथ पकड़ाकर) अच्छा, तो लो अपनी फीस लो। बहिन! अब हिचकिचाती क्यों हो? तुम कह चुकी हो कि शादीमें सिर्फ उमर और हैसियतका ख्याल रखना चाहिये।

दिलपसन्द—जनाब, आपसे मेरी एक दर्खास्त है। वह यह कि घनचक्करकी शादी वयनासे करा दीजिये। घनचक्करकी गरीबी और हैसियतपर ख्याल न कीजिये। यह एक शरीफ खान्दानके हैं; मगर वक्त सबका एकसा नहीं होता। कल ये कुछ और थे और आज कुछ और हैं—

टेसू—(अलग) तो यह कहिये, यह आदमी नहीं, यह अच्छा-खासा गिरगिट है। घड़ी-घड़ी रङ्ग बदलता है।

दिल०—ईश्वरकी कृपासे इनके अच्छे दिन फिर आये हैं और इनकी हालत सुधर चली है और वयनाके बाप वयनाकी शादी इनके साथ करनेके लिये राजी हैं।

गोबर०—अच्छा तो मंजूर। पहले तुम जाओ, इधर बेटा दिलपसन्द और नयना। तुम दोनों हाथ मिलाओ। ओ बेटा घनचक्कर—

दिल०—इनका असली नाम घनश्याम है।

गोबर०—अच्छा, बेटा घनश्याम! लो, अपने हाथमें बेटी वयनाका हाथ लो। तुम चारों फलो-फूलो आबाद रहो।

टेसू—अररर! सबका जोड़ा मिल गया। और मैं खैरख्वाह ही रह गया। वाह! वाह! मैं अपना जोड़ा खुद मिला लूँगा। आओ बेटा टेसू (गोबरचन्दका हाथ पकड़कर) और आओ बेटी गोबरी—

गोबर०—चुप बे—क्या बकता है वाहियात?

टेसू—अब हमी आप रह गये। आइये, निपट लें।

पटाक्षेप।

समाप्त

५—साहब बहादुर

ले० श्रीयुत जी० पी० श्रीवास्तव, बी०ए०, एल० एल० बी०

इस नाटकके लिखनेमें 'श्रीवास्तवजी' ने तो हद ही कर दी है। एक सतर पढ़िये और लगातार घण्टेभर हँसिये। इसके मूल लेखक जगद्विख्यात 'मोलियर' ही हैं; मगर 'श्रीवास्तवजी' ने इसको ऐसी योग्यतासे हिन्दीमें अपनाया है कि इसमे मूल रचनासे भी अधिक मजा आ गया है। फैशन और उपाधियोंके पीछे मर-मिटनेवाले मूर्खोंको बड़ी बुरी तरह खबर ली गया है। यह नाटक कई बार छप चुका। मू० १।) रु० है।

६—मरदानी औरत

ले० श्रीयुत जी० पी० श्रीवास्तव, बी० ए० एल० एल० बी०

विषय इसका वह है कि जिसपर आज तक किसी नाटककारने कलम नहीं उठायी। इसमें साहित्य-संसारकी लीलायें देखिये, सम्पादक बण्टाढार, प्रकाशक गर्दआनन्द, समालोचक पक्षपातीलाल इत्यादिकी बातों और करामातोंपर हंसते-हंसते पेट फूल जाता है। प्लाट निराला और एक्टिङ्गकी गुञ्जाइश बहुत है। पुस्तकमें कई चित्र भी दिये गये हैं। मूल्य केवल २

७—नाकमें दम और जवानी बनाम बुढ़ापा उर्फ, मियांकी जूती मियांके सर

ले० श्रीयुत जी०पी० श्रीवास्तव, बी० ए०, एल० एल० बी०

दुनियाके हास्यरस-लेखकोंके सरताज मौलियरके हास्यरसपूर्ण नाटक और श्रीवास्तवजीकी जादूभरी और हास्यपूर्ण लेखनी, तब फिर क्यों न गजब हो जाय? कमाल तो यह है कि अनुवादमें मूलसे अधिक यौवन पैदा कर दिया गया है। इन दोनों नाटकोंमें श्रीवास्तवजीने बुढ़ापेकी शादीकी बहार खूब ही दिखाई है।

८ - उलटफेर

ले० श्रीयुत जी० पी० श्रीवास्तव, बी० ए०, एल० एल० बी०

हंसते-हंसते लुटा देनेवाला, नसीहतोंसे कूट-कूटकर भरा हुआ आला दर्जेका लाजवाब नाटक। इस नाटकमें आजकलके अदालती ढोंग तथा वहांके अहलकारोंके हथकण्डोंका बड़ा ही सुन्दर खाका खींचा गया है। पुस्तकमें कई रङ्गीन और एकरंगे चित्र भी दिये गये हैं। मूल्य १।)

९—दुमदार आदमी

ले०—श्रीयुत जी० पी० श्रीवास्तव, बी० ए०, एल० एल० बी०

इसमें शिक्षाप्रद पांच एक अंकीय नाटकोंका संग्रह है। इसमें आजकलके पश्चिमीय रंगमें रंगे और अङ्गरेजियतके सांचेमें ढले बी० ए०, एल०-एल० बी० का ऐसा खाका खींचा गया है कि बस, कुछ न पूछिये, पढ़ते-पढ़ते आप लोटन-कबूतर हो जायंगे। सभी नाटक खेलने योग्य हैं। अनेकों चित्रों सहित सजिल्द पुस्तक-का दाम २) रुपया। पुस्तक कई बार छप चुकी है।

१०—गंगाजमनी

ले०—श्रीयुत जी० पी० श्रीवास्तव, बी० ए०, एल० एल० बी०

इसके दो भाग हैं। पहले भागमें दो खण्ड हैं। पहले खण्ड बालक-प्रेम और दूसरे खण्डमें नवयुवक प्रेमके भावको दिखलाया गया है। दूसरे भागमें भी दो खण्ड हैं और प्रत्येक खण्डमें दो-दो प्रहसन हैं। तीसरे खण्डमें युवक-प्रेम और चौथे खण्डमें प्रौढ़-युवक-प्रेमके भावको लेखकने अपने विशेष ढंगसे प्रदर्शित किया है। इसमें सामाजिक एवं मानसिक विकारों तथा साहित्यिक दुर्दशाका बड़ाही सुन्दर प्राकृतिक वर्णन है। वासना और सात्विक प्रेमका महान अन्तर लेखकने खोलकर दिखला दिया है। रंग-